


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 265

ग्वालियर, शुक्रवार, 19 नवम्बर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## खास खबर

### नेवी चीफ ने दक्षिणी कमान के नाविकों और अधिकारियों से की बातचीत

**कोच्चि।** अपने रक्षात्मक कौशल के लिए जानी जाने वाली भारतीय नौसेना के मुखिया एडमिरल करमबीर सिंह ने यहां दक्षिणी नौसेना कमान (एसएनसी) के नाविकों और अन्य अधिकारियों के साथ बातचीत की और कमान को मजबूत बनाए रखने के प्रयासों के लिए उनकी सराहना की। एक रक्षा बयान में कहा गया है कि एडमिरल सिंह ने अधिकारियों और कर्मियों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण के उच्च मानकों को बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने मित्र देशों के साथ दोस्ती बनाए रखने में एसएनसी की अगुवाई में प्रशिक्षण अभियान के प्रयासों की भी तारीफ की। एडमिरल ने विशेष रूप से कोविड-19 महामारी के दौरान नागरिक प्रशासन की सहायता प्रदान करने में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होने के लिए दक्षिणी नौसेना कमान के कर्मियों की भी सराहना की। चार दशकों से अधिक समय तक विशिष्ट सेवा के बाद 30 नवंबर को नौसेना से सेवानिवृत्त हो रहे एडमिरल सिंह मंगलवार को कोच्चि पहुंचे।

### उद्योग जोखिम उठाएं, क्षमता निर्माण में निवेश करेंः सीतारमण

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि अर्थव्यवस्था में सुधार के स्पष्ट संकेत नजर आ रहे हैं और अब उद्योग जगत को भी जोखिम उठाना और क्षमता निर्माण में निवेश के लिए तैयार रहना चाहिए। निर्मला सीतारमण ने कहा कि आयात पर देश की निर्भरता कम करने के लिए उद्योग जगत को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा, ÷मैं उद्योग से अपील करती हूं कि वह क्षमता बढ़ाने में अब और देर न करे।÷ उन्होंने कहा कि आय असमानता कम करने के लिए उद्योगों को अधिक रोजगार देना होगा। उन्होंने उद्योग जगत से आयातित तैयार उत्पादों की संख्या में कटौती करने और विनिर्माण में निवेश बढ़ाने का भी अनुरोध किया। सीतारमण ने कहा, जब भारत की नजर वृद्धि तेज करने पर लगी है, उस समय मैं चाहती हूं कि भारतीय उद्योग अधिक जोखिम उठाएं और भारत की चाहत को समझें।

### सेना का बड़ी कामयाबी, मार गया हिजबुल मुजाहिदीन का टॉप जिला कमांडर शकीर

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षाबलों ने जिस एनकाउंटर में 5 आतंकियों को ढेर किया था उनकी पहचान हो गई है।मारे गए आतंकियों में से एक हिजबुल मुजाहिदीन का टॉप जिला कमांडर शकीर नजर भी शामिल था जो कि घाटी में साल 2018 से ही सक्रिय था।सुरक्षाबलों ने शकीर के मारे जाने को बड़ी कामयाबी बताया है। कश्मीर पुलिस के आईजी विजय कुमार ने बताया की पोम्बई और कुलगाम एनकाउंटर में हिजबुल का टॉप आतंकी शकीर नजर भी मारा गया है। बता दें कि बुधवार को कश्मीर के पोम्बई और गोपालपुरा गांवों में दो एनकाउंटर के दौरान 5 आतंकियों को मार गिराया था। पुलिस ने इसके अलावा पुलवामा में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकियों को गिरफ्तार भी किया था। पुलिस के मुताबिक,ये दोनों बड़े आतंकी हमले की योजना बना रहे थे। दोनों की पहचान आमिर बशीर और मुख्तार भट के तौर पर हुई है और इनके पास से आईईडी बरामद हुए थे।

### घाटी में बड़ी कामयाबी हिजबुल का कमांडर शकीर नजर एनकाउंटर में ढेर

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षाबलों ने किए जिस एनकाउंटर में 5 आतंकियों को ढेर किया था उनकी पहचान हो गई है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बताया है कि मारे गए आतंकियों में से एक हिजबुल मुजाहिदीन का टॉप जिला कमांडर शकीर नजर भी शामिल था जो कि घाटी में सा 2018 से ही सक्रिय था। सुरक्षाबलों ने शकीर के मारे जाने को बड़ी कामयाबी बताया है। कश्मीर पुलिस के आईजी विजय कुमार ने बताया की पोम्बई और कुलगाम एनकाउंटर में हिजबुल का टॉप आतंकी शकीर नजर भी मारा गया है। बता दें कि बुधवार को कश्मीर के पोम्बई और गोपालपुरा गांवों में दो एनकाउंटर के दौरान 5 आतंकियों को मार गिराया था। पुलिस ने इसके अलावा पुलवामा में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकियों को गिरफ्तार भी किया था। पुलिस के मुताबिक, ये दोनों बड़े आतंकी हमले की योजना बना रहे थे।

### जीतनराम मांझी की बहू का लालू फैमिली पर हमला जारी

**नई दिल्ली।** बिहार की राजनीति में नई-नई एंट्री करने वाली पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की पुत्रवधू दीपा संतोष मांझी ने प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव को लबरा (झूठा) करार दिया है। श्रीमती माझी अक्सर अपने विवादित ट्वीट को लेकर चर्चा में रहती हैं। अब तक वह प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव की बहन रोहिणी आचार्य पर ही कटाक्ष किया करती थीं लेकिन इस बार श्री यादव पर निशाना साधा है। उन्होंने ठेठ देहाती अंदाज में श्री यादव को लबरी बहन का लबरा भाई बताते हुए शराबबंदी को लेकर बार-बार की जा रही आलोचना पर यह कटाक्ष किया है।

---

सभी लोकतांत्रिक देश यह सुनिश्चित करें

# क्रिप्टो-करेंसी गलत हाथों में ना जाएः पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी लोकतांत्रिक देशों से मिलकर सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि क्रिप्टो-करेंसी गलत हाथों में ना जाए ,अन्यथा युवाओं का भविष्य बर्बाद हो सकता है। प्रधानमंत्री ने डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए डाटा को इस युग के लिए सबसे महत्वपूर्ण बताकर कहा कि भारत ने इसकी सुरक्षा एवं निजता की रक्षा के लिए मजबूत ढांचा विकसित किया है और वह इसका इस्तेमाल लोगों के सशक्तीकरण के स्रोत के रूप में करता है। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग ने राजनीति, अर्थव्यवस्था और समाज को पुनर्भाषित किया। उन्होंने कहा, यह अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा, ताकत और नेतृत्व को भी पुनर्भाषित कर रहा है। इसने प्रगति और समृद्धि के नए अवसर भी पैदा किये हैं।'' प्रधानमंत्री ने इस मौके पर भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रणनीतिक साझेदारी को क्षेत्र एवं दुनिया के लिए एक कल्याणकारी ताकत बताया। उन्होंने कहा,भारत में हमने डाटा सुरक्षा, निजता और सुरक्षा के लिए एक मजबूत ढांचा तैयार किया है। साथ ही साथ हम इसका उपयोग लोगों के सशक्तीकरण के स्रोत के रूप में कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि कोई देश प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कैसे करता है,यह उसके मूल्यों और दृष्टि पर निर्भर करता है।उन्होंने कहा, ''भारत की लोकतांत्रिक परंपराएं पुरानी हैं, इसकी आधुनिक संस्थाएं मजबूत हैं।भारत की आईटी प्रतिभा ने वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवस्था निर्मित करने में भूमिका निभाई है।दैनिक जीवन में प्रौद्योगिकी और सेवा के अभ्युदय में भी योगदान दिया है। आज हम कोविन प्लेटफार्म दुनिया को मुफ्त में मुहैया करा रहे हैं और इसके सॉफ्टवेयर को सबके लिए उपलब्ध कराया है।उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से जनहित के लिए नीति, समावेशी विकास और सामाजिक सशक्तीकरण के क्षेत्र में भारत के व्यापक अनुभव का लाभ विकासशील विश्व को मिल सकता है। प्रधानमंत्री ने लोकतांत्रिक आदर्शों और मूल्यों को परिलक्षित करने वाली दुनिया के निर्माण तथा देशों की सुरक्षा व समृद्धि के लिए इस अहम बताया और सुझाव दिया कि भारत के इस अनुभव से विश्व के देशों व उसके लोगों को सशक्त करने तथा उन्हें इस शताब्दी के अवसरों के लिए तैयार करने के उद्देश्य से, एक साथ काम किया जा सकता है।






## यूपी मिशन 2022 लोकसभा चुनाव में महिलाओं को मिलेंगे आधे टिकटः प्रियंका गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की उप्र प्रभारी एवं कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी लोकसभा चुनाव में आधे टिकट महिलाओं को देगी। विधानसभा चुनाव में उन्होंने 40 प्रतिशत टिकट महिलाओं को देने का ऐलान पहले ही कर दिया था। इसके बेहतर परिणाम आएंगे। उन्होंने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि मंत्री का बेटा किसानों को रौंद देता है और मंत्री अब तक सरकार में है। वह चित्रकूट में मंदाकिनी नदी की धारा में बने मंच से बुंदेलखंड की महिलाओं संग संवाद में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि अब राजनीति में क्रूरता व हिंसा बढ़ गई है। इसकी जिम्मेदार मौजूदा मौजूदा सरकारें हैं। भय का माहौल बनाया जा रहा है। महिलाओं को मजबूत होना है तो उन्हें राजनीति में सक्रिय होना पड़ेगा। कांग्रेस लोस चुनाव में आधे टिकट देने के साथ महिलाओं का हर मोर्चे पर साथ देगी। महिलाओं में करुणा होती है। उनके राजनीति में आने से शुचिता का माहौल बनेगा। महिलाएं महिलाओं के बारे में सोचेंगी। उनके लिए उपयोगी नीतियां बनाएंगी। जैसे परिवार को संभालती हैं, वैसे देश को संभालेंगी। कांग्रेस सरकार बनी तो कोरोना काल में परेशान किसानों के बिजली बिल आधे किए जाएंगे। उस अवधि में जिन व्यापारियों ने बिना उपभोग के बिजली के बिल जमा किए हैं, वह माफ करेंगे। प्रियंका ने प्रधानमंत्री के 19 नवंबर को प्रस्तावित कार्यक्रम की ओर इशारा करते हुए कहा कि कोरोना काल में प्रवासी मजदूर पैदल भटके लेकिन अब रैलियों के लिए बसों के व्यापक इंतजाम हैं। महंगाई ने जीना दुश्वार कर दिया है। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस सबके दामों में आग लगी है। इससे पहले प्रियंका गांधी ने भगवान मत्स्यगयेंद्रनाथ मंदिर में अभिषेक कर आरती उतारी। संवाद के बाद भगवान कामतानाथ के दरबार में माथा टेका। पांच किमी परिक्रमा भी की। प्रियंका ने पार्टी के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद की किताब में हिंदुत्व पर की गई टिप्पणी पर कहा कि मैं हिंदुत्व पर विश्वास करती हूं। मेरी श्रद्धा है, तो भगवान के दरबार में आई हूं। वो खुर्शीद की निजी राय है, पार्टी का इससे कोई लेना देना नहीं है।


## आगामी चुनाव के मद्देनजर वंचित वर्गों को साधने की कवायद में जुटी भाजपा, कांग्रेस




**नई दिल्ली।** आगामी 5 राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों और 2024 में होने वाले आम चुनाव के भी मद्देनजर समाज के वंचित वर्गों के बीच भरोसा बढ़ाने की होड़ अभी से दिखने लगी है। नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली बीजेपी जहां इनके बीच अपनी पहुंच और मजबूत करने की कोशिश कर रही है, वहीं कांग्रेस भी अपने सबसे पुराने और पारंपरिक वोट को दोबारा हासिल करने के लिए नए सिरे से जोर लगा रही है। इस सियासी खींचतान का असर जमीन पर भी दिख रहा है। केंद्र सरकार ने इसी इरादे से बिरसा मुंडा के जन्म दिवस 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया। इसके तहत सरकार 15 से 22 नवंबर तक जनजातीय समुदायों के गौरवशाली इतिहास और संस्कृति को लेकर कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसी क्रम में नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश में एक कार्यक्रम में भाग भी लिया। वहीं, कांग्रेस पंजाब में चरणजीत सिंह चन्नी को सीएम बनाकर दलितों के बीच बड़ा संदेश देने की कोशिश की। 2014 से पहले बीजेपी के सामने अपना सामाजिक विस्तार बढ़ाने की सबसे अधिक चुनौती होती थी। लेकिन नरेंद्र मोदी की अगुआई में बीजेपी ने इस मिथक को तोड़ते हुए दलित और आदिवासियों के बीच पहले के मुकाबले अपना जनाधार बहुत बढ़ाया।

### मुसलमानों को नमाज पढ़ने के लिए हिन्दु दे रहे जगह, सिखों ने गुरुद्वारे के दरवाजे खोले

**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरूग्राम में खुले में नमाज पढ़ने पर हर दिन विरोध बढ़ रहा है। बता दें कि, हिंदू संगठन ने खुले में नमाज करने को लेकर धार्मिक नारे लगाकर नमाज पढ़ने वाली जगह पर कंढ़े फंके। बढ़ते विरोध के बीच गुरुग्राम के तमाम हिंदू ने एक पहल शुरू कर दिया है।हिंदू हर जुमे की नमाज पढ़ने के लिए मुसलमानों को अपनी जगह दे रहे है वहीं सिखों ने मुसलमानों को गुरुद्वारों में नमाज पढ़ने का प्रस्ताव दिया है।गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रमुख शेरदिल सिद्धू ने मुफ्ती सलीम को गुरुद्वारा दिखाया है, जिसमें हर जुमे की नमाज यानि शुक्रवार को मुसलमान अपनी नमाज अदा कर सकते है।

## न्यूज़ ट्रैक....

### साइ ने 162 खिलाड़ियों और 84 कोच को पुरस्कार दिये , खेल मंत्री ने दी बधाई

**नई दिल्ली** । भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने बुधवार को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पहले साइ संस्थानिक पुरस्कारों से सम्मानित किया है। बुधवार को 162 खिलाड़ियों और 84 कोच सहित कुल कुल 246 को ये पुरस्कार प्रदान किये गये। यह पुरस्कार समारोह जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया गया इसमें खेल मंत्री अनुराग ठाकुर और खेल राज्य मंत्री निसिथ प्रमाणिक भी उपस्थित थे। इन पुरस्कारों में 85.02 लाख रूपये की नकद राशि भी दी गयी। इस अवसर पर ठाकुर ने कहा, आज जिन खिलाड़ियों और कोच को सम्मानित किया गया, उन सभी को मैं हार्दिक बधाई देता हूं। खिलाड़ियों को कई तरह की सुविधायें दी जा रही हैं। हर खिलाड़ी अपनी पीढ़ी के लिये एक प्रेरणा है।'' पुरस्कारों के वर्गों में राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियों के लिये 'आउटस्टैंडिंग' पुरस्कार और अंतरराष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियों के लिये सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार भी शामिल रहा। पुरस्कारों में साल 2016 से ही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेल प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत साइ के खिलाड़ियों और कोच के प्रदर्शन का आंकलन किया गया।

### आईसीसी क्रिकेट समिति के नये चेयरमैन बने गांगुली

**दुबई** । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अध्यक्ष सौरव गांगुली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) पुरूष क्रिकेट समिति के नये चेयरमैन बने हैं। आईसीसी के अनुसार गांगुली को अनिल कुंबले की जगह चेयरमैन बनाया गया है। कुंबले पिछले तीन बार से इस पद पर थे। आईसीसी के अध्यक्ष ग्रेग बार्कले ने कहा कि मुझे आईसीसी पुरूष क्रिकेट समिति के चेयरमैन पद पर गांगुली का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। विश्व के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के तौर पर और फिर बेहतरीन प्रशासक के रूप में उनके अनुभवों से लाभ होगा। मैं कुंबले का भी आभार व्यक्त करना चाहता हूं उन्होंने अपने पिछले नौ साल के कार्यकाल में जिस प्रकार के अहम फैसले लिए हैं उससे खेल और बेहतर हुआ है। कुंबले ने अपने कार्यकाल के दौरान डीआरएस का नियमित और निरंतर इस्तेमाल करने के साथ ही संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन से निपटने के लिए मजबूत प्रक्रिया अपनायी थी।

### विम्बलडन भी शायद ही खेल पायें फेडरर

**जिनेवा** । स्विटजरलैंड के टेनिस स्टार रोजर फेडरर की वापसी अब मुश्किल नजर आती है। फेडरर ने कहा है कि घुटने की सर्जरी के कारण वह अगले साल जून में विम्बलडन तक भी वापसी नहीं कर पायेंगे। फेडरर ने कहा, ' वहीं अगर किसी प्रकार मैं विम्बलडन में खेला तो यह बहुत ही हैरानी की बात होगी। विम्बलडन अगले साल 27 जून से शुरू होगा। गौरतलब है कि फिट नहीं होने के कारण फेडरर इस साल जुलाई में विम्बलडन के क्वार्टरफाइनल में सीधे सेटों में हारने के बाद से ही किसी दौरे पर नहीं गये हैं। इस दौरान उन्होंने घुटने की सर्जरी भी कराई, यह पिछले 18 महीने में उनके घुटने की तीसरी सर्जरी थी। फेडरर ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई ओपन में उनके खेलने का कोई सवाल ही नहीं उठता। ऑस्ट्रेलियाई ओपन जनवरी में सत्र का शुरूआती ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट है। फेडरर ने कहा, 'मेरे नहीं खेल पाने में कोई नई बात नहीं है क्योंकि सर्जरी से पहले ही सभी जानते थे कि इस तरह के मामले में फिटनेस हासिल करने में लंबा समय लगता है।

**अंडर-19 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया का शेड्यूल**

# पहला मैच साउथ अफ्रीका से, 14 जनवरी से शुरू हो रहा टूर्नामेंट

**नई दिल्ली।** अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप अगले साल वेस्टइंडीज में आयोजित किया जाएगा। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने इसकी आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। पहली बार अंडर-19 वर्ल्ड कप वेस्टइंडीज में आयोजित किया जा रहा है। टूर्नामेंट 14 जनवरी से 5 फरवरी के बीच खेला जाएगा। इसमें 16 देशों की टीमें भाग ले रही हैं। फाइनल सहित 48 मैच आयोजित किए जाएंगे। भारत अपने अभियान की शुरुआत 15 जनवरी को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ करेगा। भारत को ग्रुप बी में रखा गया है। इस ग्रुप में साउथ अफ्रीका के अलावा आयरलैंड और युगांडा की टीमें हैं।

**न्यूजीलैंड की जगह स्कॉटलैंड को किया गया है शामिल :** न्यूजीलैंड इस बार इस अंडर-19 वर्ल्ड कप में शामिल नहीं होगा, क्योंकि उनके वापस आने के बाद अनिवार्य क्वारैंटाइन के नियमों का पालन करना पड़ेगा, उनकी जगह स्कॉटलैंड की टीम खेलने वाली है। स्कॉटलैंड की टीम ग्रुप डी में ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका और वेस्ट इंडीज के साथ है।

### भारत चार बार जीता है

अंडर-19 वर्ल्ड कप में भारत चार बार खिताब अपने नाम कर चुका है, जबकि ऑस्ट्रेलिया 3 बार, पाकिस्तान दो बार और इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका, बांग्लादेश और वेस्टइंडीज एक-एक बार खिताब जीता है। वहीं 2016 में वेस्टइंडीज ने खिताब अपने नाम किया था।




### कौन-कौन सी टीमें किस ग्रुप में है

ग्रुप ए : बांग्लादेश, इंग्लैंड, कनाडा, संयुक्त अरब अमीरात

ग्रुप बी : भारत, आयरलैंड, दक्षिण अफ्रीका, युगांडा

ग्रुप सी : अफगानिस्तान, पाकिस्तान, पापुआ न्यू गिनी, जिम्बाब्वे

ग्रुप डी : ऑस्ट्रेलिया, स्कॉटलैंड, श्रीलंका, वेस्टइंडीज।

### वर्ल्ड कप कहां-कहां खेला जाएगा

सेंट किट्स एंड नेविस - वार्नर पार्क, कोनारी, (सैंडी पॉइंट - वार्म-अप मैच)

गुयाना : गुयाना नेशनल स्टेडियम, (एवरेस्ट : वार्म-अप मैच)

त्रिनिदाद और टोबैगो : ब्रायन लारा क्रिकेट ग्राउंड, क्वींस पार्क ओवल, डिएगो मार्टिन

एंटीगुआ और बारबुडा - सर विवियन रिचर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड, कूलिज क्रिकेट ग्राउंड

## आईपीएल नीलामी के लिए खिलाड़ियों का चयन नहीं कर पा रहा केकेआर

**मुम्बई** । आईपीएल के अगले सत्र के लिए होने वाली नीलामी से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) इस बात को लेकर संशय में है कि वह किसे बनाये रखे और किसे नहीं। जिस प्रकार से राहुल तिपाठी ने आईपीएल और उसके बाद मश्ताक अली टूर्नामेंट में बल्लेबाजी की है उससे केकेआर की मुश्किलें और बढ़ गयी हैं। 2022 से लीग में 10 टीमें खेलने वाली हैं और इसके लिए मेगा नीलामी होगी। ऐसे में हर फ्रेंचाइजी नए सिरे से अपनी टीम को मजबूत करने की रणनीति बना रही है। उसके लिए किस खिलाड़ी को बरकरार रखना है और किसे बाहर करना है यह टीम प्रबंधन तय नहीं कर पा रहा है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, अगले साल कोई आरटीएम कार्ड नहीं होगा। फ्रेंचाइजी चार खिलाड़ियों को दो अलग-अलग संयोजन के तहत बरकरार रख सकेगी। पहला-तीन भारतीय और एक विदेशी, जबकि दूसरा-2 भारतीय और इतने ही विदेशी। यानी टीम 4 में से तीन भारतीय और एक विदेशी को बनाये रखें या फिर दो देसी और 2 विदेशी खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़े रखे। विदेशी खिलाड़ी के रूप में केकेआर ऑयन मोर्गन और आंद्रे रसेल या शाकिब अल हसन में से किसी एक को बरकरार रख सकती है। मॉर्गन की कप्तानी में ही इस बार टीम ने फाइनल खेला था पर 3 देसी खिलाड़ियों का चयन आयान नहीं रहेगा। टीम के पास दिनेश कार्तिक, हरभजन सिंह, जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के अलावा वेंकटेश अय्यर भी हैं। पारी की शुरुआत के लिए राहुल त्रिपाठी और शुभमन गिल के बीच मुकाबला है। ऐसे में केकेआर को यह तय करने में परेशानी आएगी कि आईपीएल 2022 के लिए किस देसी खिलाड़ी को बरकरार रखें और किसे नहीं। राहुल घरेलू क्रिकेट में महाराष्ट्र की तरफ से खेलते हैं। साल 2017 में आईपीएल के डेब्यू सीजन में राइजिंग पुणे सुपर जायंट्स के साथ इस बल्लेबाज ने अपनी तूफानी बल्लेबाजी की थी।

वहीं 2018 और 2019 में वो राजस्थान रॉयल्स के लिए खेले थे।साल 2020 में हुई आईपीएल नीलामी में के बाद उन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स ने 60 लाख रुपए में लिया था हालांकि, केकेआर के साथ उनका पहला साल अच्छा नहीं गया और राहुल ने 11 मैच में 230 रन बनाए थे पर इस बार उन्होंने केकेआर को फाइनल में पहुंचाने में अहम अहम भूमिका निभाई थी।

## खिलाड़ियों को निडर होकर खेलने प्रेरित करेंगे : रोहित

**जयपुर** । भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के नये कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि वह कुछ मैचों के आधार पर ही खिलाड़ियों को लेकर कोई फैसला नहीं करेंगे बल्कि उन्हें पूरा समय देंगे ताकि वह निडर होकर खेल सकें। रोहित ने कहा कि खिलाड़ियों में अपने स्थान को लेकर असुरक्षा का भाव हटाना उनकी प्राथमिकता होगी। रोहित ने कहा कि उनका और कोच राहुल द्रविड़ का लक्ष्य खिलाड़ियों को निडर होकर स्वाभाविक खेल खेलने के लिए प्रेरित करना रहेगा। साथ ही कहा कि अगर किसी कारण से भी परिणाम उम्मीद के अनुरुप नहीं आते हैं तब भी हम खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि टी20 क्रिकेट में सबसे जरुरी यह है कि खिलाड़ियों को मैदान पर जाकर अवसरों का लाभ उठाना होता है। जोखिम लेना होता है जो कभी कारगर साबित होता है और कभी उसमें विफल भी रहते हैं। इन हालातों में हमारा लक्ष्य खिलाड़ियों में आउट होने का डर हटाना होगा। इस तरह के प्रारूप में यह जरूरी नहीं कि हमेशा ही सफलता मिले। यह इतना छोटा प्रारूप होता है कि दबाव के दौरान कभी भी हालत बदल जाते हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को अपनी भूमिका का पता होना चाहिए और तय रणनीति से उसे भटकना नहीं चाहिए। खिलाड़ी के असफल रहने पर क्या होगा, यह पूछने पर उन्होंने कहा कि विफल रहने पर उसका आत्मविश्वास बढ़ाने की जरूरत होती है साथ ही उसपर भरोसा दिखाना पड़ता है। जब तक वे अपना योगदान देने की कोशिश करते रहेंगे, हमें कोई दिक्कत नहीं होगी।रोहित ने कहा कि खिलाड़ी मशीन नहीं हैं और उन्हें तरोताजा होने की जरूरत है हालांकि भारतीय ड्रेसिंग रूम में प्रवेश करने पर यह मायने नहीं रखता कि सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में या आईपीएल में उनका प्रदर्शन कैसा रहा।



*वेल्स में फीफा विश्वकप के क्वालीफाइंग मुकाबले में खेलते हुए बेल्जियम के केविन डी ब्रून व वेल्स के जो एलन।*

### भूटिया की अकादमी के लिए 21 नवंबर को होंगे ट्रायल

**बेंगलुरू** । भारतीय टीम के पूर्व कप्तान बाईचुंग भूटिया के फुटबॉल स्कूल की रिहायशी अकादमी (बीबीएफएस) के लिये ट्रायल 21 नवंबर को होंगे। इस ट्रायल में साल 2005 से 2012 के बीच जन्मे लड़के और लड़कियां भाग ले सकेंगे। भूटिया ने कहा , बीबीएफएस रिहायशी अकादमियों के जरिये हमारा लक्ष्य प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पढाई को प्रभावित किये बिना ही उनकी पेशेवर फुटबॉलर बनने में सहायता करना है। मैं अगली पीढी के खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ सुविधायें देना चाहता हूं जिससे वे भारत ही नहीं बल्कि विदेशी लीग में भी शानदार प्रदर्शन कर सकें।

## व्यापार न्यूज

### हवाई यात्रा के दौरान यात्रियों को मिलेगा खाना और अन्य सुविधाएं

**नई दिल्ली** । नागर विमानन मंत्रालय ने अब हवाई यात्रा के दौरान सभी यात्रियों को विमान में खाना-पीना, न्यूजपेपर जैसी सुविधाएं देने की एयरलाइंस को इजाजत दी है। गौरतलब है कि सरकार ने इस साल 15 अप्रैल को उन सभी फ्लाइट में खान-पान के वितरण पर रोक लगा दी थी जो दो घंटे या उससे कम अवधि के होते हैं। मंत्रालय ने सभी एयरलाइंस को सभी फ्लाइट में बिना किसी रोकटोक के इसकी इजाजत दे दी है। देश में कोरोना केसेज में भारी गिरावट और बड़ी संख्या में लोगों के टीकाकरण को देखते हुए यह निर्णय सरकार ने लिया है। नागर विमानन मंत्रालय के मुताबिक अब एयरलाइंस फ्लाइट में पैसेंजर्स को फूड खान-पान के अलावा न्यूजपेपर जैसे रीडिंग मटीरियल भी उपलब्ध करा सकते हैं। मंत्रालय ने अपने आदेश में कहा कि घरेलू मार्गों पर विमान चला रहे एयरलाइंस अब बिना किसी उड़ान अवधि? की रोक-टोक के प्लेन में खान-पान सेवाएं दे सकते हैं। आदेश के मुताबिक एयरलाइंस अब न्यूजपेपर, मैग्जीन भी प्लेन के अंदर वितरित कर सकते हैं। गौरतलब है कि कोरोना के घातक प्रसार के दौर में ऐसी सभी तरह की सुविधाओं पर रोक लगा दी गई थी, जिनकी वजह से संक्रमण के फैलने की किसी तरह की आशंका हो। एक रिपोर्ट के अनुसार केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने नागर विमानन को यह सलाह दी थी कि अब दो घंटे से कम अवधि के फ्लाइट में भी फूड सर्विस दी जा सकती है।

### ऑनलाइन माध्यम से कर्ज लेना पंसद कर रहे लोग

**नई दिल्ली** । कोरोना महामारी के दौरान डिजिटलीकरण बढ़ने के साथ ही अब बड़ी संख्या में लोग कर्ज लेने के लिए ?अब ऑनलाइन माध्यम को पसंद कर रहे हैं। वित्तीय फर्म होम क्रेडिट इंडिया के एक वार्षिक सर्वेक्षण के अनुसार कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर के बाद एक बड़े स्तर पर सकारात्मक उपभोक्ता ऋण प्रवृत्ति देखने को मिली, जिससे सामान्य स्थिति की ओर वापसी का संकेत मिलता है। सर्वेक्षण में कहा गया कि उपभोक्ता भावना सकारात्मक और आर्थिक पुनरुद्धार को लेकर उत्साहित है। सर्वेक्षण में लगभग 40 प्रतिशत कर्जदारों ने ऋण लेने के लिए डिजिटल तरीके के इस्तेमाल की इच्छा दिखाई। यह आंकड़ा उन 15 प्रतिशत ग्राहकों के अतिरिक्त है, जो पारंपरिक ऑफलाइन चैनलों के बजाय पहले ही ऑनलाइन ऋण ले चुके हैं। सर्वेक्षण से यह भी पता चला कि डिजिटल माध्यमों की ओर युवाओं का रुझान अधिक है। एचआईबी सर्वेक्षण नौ शहरों में किया गया, जिसमें दिल्ली, जयपुर, बेंगलुरु, हैदराबाद, भोपाल, मुंबई, कोलकाता, पटना और रांची शामिल हैं।

### स्पाइस जेट और अमेरिकी विमान निर्माण कंपनी बोइंग के बीच हुआ समझौता

**मुंबई** । प्रमुख एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट ने कहा कि कंपनी ने अमेरिकी विमान निर्माण कंपनी बोइंग के साथ 737 मैक्स विमान का परिचालन बंद रहने और सेवा में उसकी वापसी से संबंधित बकाया दावों का निपटान करने के लिए समझौता किया है।स्पाइसजेट के 13 मैक्स विमानों के बेड़े ने मार्च 2019 के बाद से किसी भी व्यावसायिक उड़ान का संचालन नहीं किया है। एयरलाइन ने बाद में लागत और नुकसान के संबंध में बोइंग के समक्ष दावा किया था। कंपनी के बयान में कहा गया है,स्पाइसजेट को घोषणा कर खुशी हो रही है कि उसने बोइंग के साथ एक समझौता किया है, जिसमें बोइंग 737 मैक्स विमानों की ग्राउंडिंग और सेवा में वापसी से संबंधित बकाया दावों का निपटान करने और कुछ सुविधाएं प्रदान करने के लिए सहमत हो गया है।बयान में कहा गया कि समझौता ने स्पाइसजेट के बेड़े में कुशल और आधुनिक मैक्स विमानों को शामिल करने का मार्ग प्रशस्त किया है और 155 मैक्स विमानों के हमारे ऑर्डर से नए विमानों की डिलीवरी को फिर से शुरू करना सुनिश्चित करता है। एयरलाइन ने यह नहीं बताया कि उसे बोइंग से मुआवजे के रूप में कितनी राशि मिली है। गौरतलब है कि भारत के विमानन नियामक 'नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने लगभग ढाई साल के बाद 26 अगस्त को 737 मैक्स विमानों के वाणिज्यिक उड़ान संचालन पर से प्रतिबंध हटा लिया था।

## इनफिनिक्स ने किया बजट स्मार्ट फोन स्मार्ट 5 प्रो लॉंच

**नई दिल्ली** । इनफिनिक्स कंपनी ने बजट स्मार्टफोन स्मार्ट 5 प्रो लॉन्च किया है। इससे पहले इस सीरीज़ में इनफिनिक्स स्मार्ट 5 और इनफिनिक्स स्मार्ट 5ए पेश किया जा चुका है। ये डिवाइस इनफिनिक्स स्मार्ट 5 सीरीज़ का लेटेस्ट अडिशनल है। प्रो मॉडल इन तीनों में से सबसे ज़्यादा खास फीचर्स के साथ आता है। इनफिनिक्स स्मार्ट 5 प्रो के स्पेसिफिकेशंसज्इनफिनिक्स स्मार्ट 5 प्रो मौजूदा समय में पाकिस्तान एक्सपार्क ई-कामर्स प्लैटफॉर्म पर लिस्ट किया गया है, जहां इसकी कीमत पीकेआर 14,499 (करीब 6,200 रुपये) रखी गई है।




इस फोन को सिंगल वेरिएंट 2 जीबी रैम+32जीबी इंटरनल स्टोरेज के साथ पेश किया है। ग्राहक इस फोन को दो कलर वेरिएंट-ब्लैक और ग्रीन में घर ला सकते हैं। स्मार्ट 5 प्रो एक एंट्री लेवल स्मार्टफोन है, जो कि 6.52 इंच डिस्प्ले के साथ आता है। इसके टॉप पर वॉटर ड्रॉप नॉच मिलता है। इसकी स्क्रीन एचडी+ रेजोलूशन के साथ आती है जो कि 60 एचज़ेड रिफ्रेश रेट के साथ आता है। ये फोन एंड्रॉयड 11 पर बेस्ड एक्सओएस 7.6 आउट ऑफ द बॉक्स पर काम करता है। फोन के बैक में स्क्वैर शेप का कैमरा मॉड्यूल हो, जो कि डुअल कैमरा सेटअप के साथ आता है, और इसपर लेड फ्लैश भी मौजूद है। इस फोन में 13 मेगापिक्सल का मेन कैमरा और 2 मेगापिक्सल का डेप्थ सेंसर दिया गया है। फोन के फ्रंट में 8 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा सेंसर दिया गया है।

पावर के लिए इस फोन में 6000एमएएच की बैटरी दी गई है, जो कि 18डब्ल्यू फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ आता है। इसमें रियर माउटेंड फिंगरप्रिंट स्कैनर है, जो कि ए1 फेस लॉक सपोर्ट के साथ आता है। इस एंट्री लेवल स्मार्टफोन में यूनिसोक एससी9863ए है। इसमें पॉवरवीआर जीई8322 जीपीयू और 2जीबी रैम दी गई है। इसमें 32जीबी की इंटरनल स्टोरेज है, जिसे माइक्रो एसडी कार्ड से

### ओप्पो ने लांच किया स्मार्ट फोन ओप्पो ए 95

**नई दिल्ली** । जानीमानी चाइनजी कंपनी ओप्पो ने स्मार्टफोन ओप्पो ए 95 को लॉन्च कर दिया है। ओप्पो ए 95 5जी को इसी साल अप्रैल में चीन में लॉन्च किया गया था। इस स्मार्टफोन का डिजाइन ओप्पो ए 95 5जी जैसा ही है, मगर ये एक 4 जी स्मार्टफोन है और इसकी स्पेसिफिकेशन्स अलग है। ओप्पो ए 95 4जी वेरिएंट में क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 662 एसओसी प्रोसेसर लगाया है, जबकिओप्पो ए 95 5जी मॉडल में मीडियाटेक डाइमेंशन 800 यू एसओसी प्रोसेसर दिया गया था। ओप्पो स्मार्टफोन के इस 4जी मॉडल में 5,000एमएएच की बैटरी दी गई है, जबकि ओप्पो ए 95 5जी में 30डब्ल्यू वीओओसी फ्लैश चार्ज फास्ट चार्जिंग स्पोर्ट के साथ 4,310 एमएएच की बैटरी मौजूद है। इसे फिलहाल मलेशिया के बाजार में उतारा गया है। नए ओप्पो ए 95 स्मार्टफोन को केवल अभी एक ही वेरिएंट में पेश किया गया है। स्मार्टफोन के 8जीबी रैम और 128जीबी स्टोरेज वेरिएंट की कीमत एमवायआर 1,099 (लगभग 19,600 रुपये) है। फोन को रेनबो सिल्वर और स्टारी ब्लैक कलर ऑप्शन में लॉन्च किया गया है। यह पहले से ही ओप्पो की आधिकारिक साइट, लाजाडा और शोपी पर ब्रिकी के लिए उपलब्ध है।ओप्पो ए95 एंड्रॉयड 11 पर आधारित कलर्स ओएस 11.1 पर काम करता है। स्मार्टफोन में 6.43-इंच का फुल-एचडी + (1,080म2,400 पिक्सल) अमोलेड डिस्प्ले दिया गया है। स्मार्टफोन में 8जीबी रैम और 128जीबी तक स्टोरेज दिया गया है, जिसे माइक्रोएसडी कार्ड के माध्यम से बढ़ाया जा सकता है।सेल्फी और वीडियो कॉलिंग के लिए स्मार्टफोन में 16-मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा दिया गया है। ओप्पो ए 95 5जी में 33 डब्ल्य वीओओसी फ्लैश चार्ज फास्ट चार्जिंग डिवाइस के साथ 5,000एमएएच की बैटरी दी गई है। इसके अलावा स्मार्टफोन में इन-डिस्प्ले फिंगरप्रिंट सेंसर है। कनेक्टिविटी विकल्पों में 3.5 मिमी हेडफोन पोर्ट, एक यूएसबी टाइप-सी पोर्ट, वाई-फाई, ब्लूटूथ वी5.0, और बहुत कुछ शामिल हैं। प्रोसेसर के बारे में आप पहले ही जान चुके हैं। इस स्मार्टफोन में ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप दिया गया है, जिसमें 48-मेगापिक्सल का प्राइमरी सेंसर, 2-मेगापिक्सल का सेंसर के साथ 2-मेगापिक्सल का मैक्रो सेंसर दिया गया है।

### भारत में जियोमी, सैमसंग, एपल और रियलमी के पॉपुलर फोन का स्टॉक खत्म

**नई दिल्ली** । भारत में पॉपुलर स्मार्टफोन मॉडल्स स्टॉक से लगभग खत्म हो चुके हैं। इसमें जियोमी, सैमसंग, एपल और रियलमी के स्मार्टफोन्स भी शामिल हैं। ये स्मार्टफोन्स ई-कॉमर्स साइट और रिटेल मार्केट दोनों जगह से खत्म हो गए हैं। अभी स्मार्टफोन डिमांड का केवल 20 से 30 परसेंट ही सप्लाई हो पा रहा है। इंडस्ट्री एग्जीक्यूटिव के अनुसार दिवाली के समय उपलब्धता को रखने के लिए ब्रांड्स ने चैनल्स पूरा किया था। लेकिन, अब कई टॉप सेलिंग मॉडल्स आउट ऑफ स्टॉक हो चुके हैं। इससे अक्टूबर-दिसंबर तिमाही सेल प्रभावित होगी।

एक सीनियर एग्जीक्यूटिव ने बताया कि यह अभी साफ नहीं है कि ब्रांड्स की सप्लाई कब बढ़ेगी। सेमीकंडक्टर चिपसेट के ग्लोबल शॉर्टेज की वजह से स्मार्टफोन कंपनियों को काफी दिक्कत हो रही है। तरुण पाठक ने बताया कि इस साल फेस्टिव सीजन में ब्रांड्स ने स्टॉक जमाकर कर किसी तरह मैनेज किया था जबकि अभी सप्लाई का काफी प्रेशर है। उन्होंने बताया कि हर दिवाली के बाद डिमांड में 30-40 परसेंट की कमी आती है। लेकिन, इस बार सप्लाई काफी प्रभावित हुआ है। इसका मुख्य कारण चिपसेट शॉर्टेज है। पॉपुलर स्मार्टफोन मॉडल्स का शॉर्टेज इस साल के अंत तक चल सकता है। इसके बाद ब्रांड्स भारत के लिए मॉडल्स स्टॉक करके रख सकते हैं। शॉर्टेज कई प्राइस सेगमेंट में है। इसमें सबसे ज्यादा एंट्री लेवल से लेकर 20,000 रुपये के सब-सेगमेंट और सुपर प्रीमियम सेगमेंट शामिल हैं।

## देसी कंपनी रॉयल एनफील्ड दो पावरफुल मोटरसाइकल ला रही बाजार में

**नई दिल्ली** । देसी कंपनी रॉयल एनफील्ड जल्द ही 2 और धांसू बाइक रायल एनफील्ड हंटर 350 और रॉयल एनफील्ड सुपर मीटियॉर 650 लाने जा रही है। यह स्वदेशी कंपनी भारत में अपनी पावरफुल मोटरसाइकल से हंगामा बरपा रही है। कंपनी की सबसे सस्ती और सबसे महंगी बाइक हो सकती है। फिलहाल मार्केट में रॉयल एनफील्ड की कई शानदार बाइक्स की बंपर बिक्री होती है, जो कि 350 सीसी से लेकर 650 सीसी सेगमेंट तक की है।

हाल ही में कंपनी ने रॉयल एनफील्ड न्यू क्लासिक 350 लॉन्च की है, जो कि सेगमेंट की बेस्ट सेलिंग बाइक है। आप भी अगर रॉयल एनफील्ड की बाइक्स खरीदने का मन बना रहे हैं तो आज हम आपके लिए कंपनी की सभी मोटरसाइकल की कीमत और खासियत के साथ ही माइलेज के बारे में बता रहे हैं। इसके साथ ही आपके पास रॉयल एनफील्ड हंटर 350 और सुपर मीटियॉर 650 खरीदने का विकल्प आने वाले समय में हो जाएगा।

रॉयल एनफील्ड की बाइक्स की बात करें तो कंपनी ने हाल ही में अपनी बेस्ट सेलिंग बाइक क्लासिक 350 का अपग्रेडेड वर्जन ने रॉयल एनफील्ड क्लासिक 350 लॉन्च किया है, जिसकी कीमत 1.84 लाख रुपये से लेकर 2.15 लाख रुपये (एक्स शोरूम) तक है। 349.34 सीसी की यह बाइक 20.21पीएस तक की पावर जेनरेट करती है। वहीं कंपनी का दावा है कि इसकी माइलेज 41.55 केएमपीएल तक की है। वहीं,रॉयल एनफील्ड बुलेट 350 की कीमत 1.38 लाख रुपये से लेकर 1.60 लाख रुपये (एक्स शोरूम) तक है। 346 सीसी की यह बाइक 19.36 पीएस तक की पावर जेनरेट कर सकती है। कंपनी का दावा है कि इसकी माइलेज 35 केएमपीएल तक की है। भारत में रॉयल एनफील्ड की ऑफ-रोडिंग और एडवेंचर बाइक रॉयल एनफील्ड हीमालय की कीमत 2.10 लाख रुपये से लेकर 2.17 लाख रुपये (एक्स शोरूम) तक है। 411 सीसी की यह बाइक 24.31 पीएस तक की पावर जेनरेट कर सकती है। वहीं कंपनी का दावा है कि हिमायलन की माइलेज 32.04 केएमपीएल तक की है। भारत में 350 सीसी सेगमेंट में रॉयल एनफील्ड की धांसू क्रूजर बाइक रॉयल एनफील्ड मेटयोर 350 भी है, जिसकी कीमत 1.98 लाख रुपये से लेकर 2.14 लाख रुपये (एक्स शोरूम) तक है। 349 सीसी इंजन वाली यह बाइक 20.4 पीएस तक की पावर जेनरेट कर सकती है और कंपनी का दावा है कि इसकी माइलेज 41.88 केएमपीएल तक की है। इसके बाद रॉयल एनफील्ड कांटीनेंटल जीटी 650 भी आपके लिए शानदार ऑप्शन है, जिसकी कीमत 2.98 लाख रुपये से लेकर 3.20 लाख रुपये (एक्स शोरूम) तक है। 648 सीसी का इसका इंजन 47.65 पीएस तक की पावर जेनरेट कर सकता है। भारत में फिलहाल रॉयल एनफील्ड की सबसे पावरफुल दो बाइक्स हैं।

# डोर टू डोर वैक्सीन द्वितीय डोज, बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे लोग

**भिण्ड ।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से डोर-टू-डोर जाकर द्वितीय डोज ड्यू व्यक्तियों को वैक्सीन लगाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। हर घर दस्तक अभियान को जनता का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। लोगों के बीच फैली भ्रांतियां भी दूर हो रही हैं। साथ ही जो लोग कार्य अधिकता के कारण समय से दूसरा डोज नहीं लगवा पा रहे या कुछ लोग टीकाकरण केंद्र तक जाने में असमर्थ होने के कारण अभी तक द्वितीय डोज नहीं लगवा पाए। वह लोग इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। कोरोना संक्रमण की संभावित तीसरी लहर से भिण्ड जिले के नागरिकों को सुरक्षित रखने नगर व ग्रामीण क्षेत्र में 18 वर्ष से ऊपर प्रत्येक व्यक्ति को कोरोना वैक्सीन की द्वितीय डोज लगवाने की मुहिम जिला प्रशासन, नगरीय निकाय, स्वास्थ्य अमले द्वारा चलाई जा रही है।

इस मुहिम में नगर के वार्डों व ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों में आंगनवाड़ी केंद्रों पर टीकाकरण की द्वितीय डोज से शेष उन सभी व्यक्तियों को दूसरा डोज लगवाने के लिए सर्वे दल द्वारा जिले में टीकाकरण महाअभियान अंतर्गत घर-घर जाकर वैक्सीनेशन द्वितीय डोज लगाने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही द्वितीय डोज ड्यू व्यक्तियों को समझाइश दी जा रही है कि अगर आप दूसरा डोज लेने से चूक गए हैं तो घबराएं नहीं टीकाकरण महाअभियान में



निकटतम टीकाकरण केंद्र पर जाएं, दूसरा डोज लगवाकर कोविड-19 से सुरक्षा पाएं। जिनको कोविड-19 वैक्सीनेशन की प्रथम डोज लग चुकी है उन सभी को दूसरा डोज लगवाने के लिए घर घर पहुंच कर प्रेरित किया जा रहा है एवं उन्हें टीकाकरण करवाने के लिए शपथ दिलाई जा रही है व मास्क लगाने के लिए, सामाजिक दूरी, कोविड गाइडलाईन का पालन करने के लिए भी जागरुक किया जा रहा है। कोविड-19 टीकाकरण से कोई परिवार वंचित न रह जाए। इसके लिए मेडिकल एवं नगरीय निकाय की टीम घर-घर सर्वे का कार्य कर रही हैं। सर्वे में 18 वर्ष से ऊपर के जो लोग टीकाकरण से शेष रह गए हैं, उन्हें जागरुक किया जा रहा है। जिससे वह इस महाअभियान में शामिल होकर राष्ट्र के प्रति अपना सहयोग दे सकें। टीकाकरण के प्रति भ्रमित होकर लोग संक्रमण से प्रभावित हो सकतें हैं। द्वितीय डोज ड्यू व्यक्तियों को टीका के प्रति जागरुक कर उन्हें जीवन रक्षक टीका से प्रतिरक्षित किया जा रहा है। जिला प्रशासन, स्वास्थ्य अमले के अथक प्रयास से निःशक्तजन, वृद्धजन जो टीकाकरण केन्द्र तक जाने में असमर्थ हैं, टीकाकरण से वंचित नहीं रह सकेंगे। और संभावित तीसरी लहर से पूर्व जिले में शत् प्रतिशत वैक्सीनेशन कार्य पूर्ण होकर कोई व्यक्ति टीकाकरण से वंचित नहीं रहेगा।

## कलेक्टर द्वारा सीएम हेल्पलाइन शिकायते अनअटेंडेड उच्च स्तर जाने पर 48 अधिकारियों पर लगाया 33 हजार 500 रुपये का जुर्माना

**भिण्ड ।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा कर निर्देशित किया की जिन अधिकारीयों के स्तर से शिकायतें अनअटेंडेड जा रही है, उन पर प्रति अनअटेंडेड शिकायत उच्च स्तर जाने पर 100 रुपये अधिकतम 5000 हजार रुपये जुर्माना लगाया जाये। जिसके अंतर्गत मुकेश कुमार बंसल प्रबंधक एमपीईबी भिण्ड शहरी पर 5000, सुभम कुमार डी.ई. भिण्ड पर 3300, सुनील त्रिपाठी जेई आलमपुर पर 1800, एम आर सिद्दिकी जेई उमरी पर 1700, यादवेन्द्र सिंह सौर जेई गोरमी पर 800, यशपाल सचदेवा डी.ई गोहद पर 700, अमित शर्मा जे.ई. अमायन पर 600, रोहित कुमार गुप्ता जे.ई.असबार पर 600, दिव्यांशु झा जे.ई. मेंहगांव पर 500, अंकुर गुप्ता डी.ई. मेंहगांव पर 500 ,संजय कुमार शाक्य जे.ई. मिहोना पर 500, धनंजय यादव जे.ई. लहार पर 500, हरीश मेहता डी.ई. लहार 400, हेमंत कुमार जे.ई. फूफ पर 300, बी सरकार जे.ई. अटेर पर 200, पीयूष अतुलकर जे.ई. कीरतपुरा (गोहद)100, शिव सिंह चौबे सहायक यंत्री गोहद शहरी पर100, आरए प्रजापति एस.डी.एम. लहार पर 4900, ममता शाक्य तहसीलदार भिण्ड पर 1300, शुभम शर्मा एस.डी.एम गोहद पर 1100, राजेन्द्र मौर्य नायब तहसीलदार मिहोना पर 800, उदय सिंह सिकरवार एस.डी.एम. अटेर पर 600, उदय सिंह सिकरवार एस.डी.एम. भिण्ड पर 100, रामजीलाल वर्मा तहसीलदार गोहद पर 100, डॉक्टर अंकित चौधरी बीएमओ रौन पर 900, डॉ डी.के.शर्मा बीएमओ फूफ पर 700,डॉ. अनिल गोयल सिविल सर्जन पर 200, डॉ आलोक शर्मा बीएमओ गोहद पर 200, डॉ मनीष शर्मा बीएमओ मेहगांव पर 100, टी. सी. गर्ग ईई पीएचई भिण्ड पर 900, के.सी.झा एई पीएचई पर 300,राकेश देशमुख खनिज अधिकारी पर 1100, बाबूलाल कुशवाहा सीएमओ आलमपुर पर 200, द्वारिका प्रसाद शर्मा सीएमओ मिहोना पर 200, योगेन्द्र सिहं तोमर सीएमओ मेहगांव पर 200, हनुमंत सिंह सीएमओ फूफ पर 100, सतीश दुबे सीएमओ गोहद पर 100, आलोक प्रताप सिंह सीईओ रौन पर 400, रंजीत सिंह कुशवाह सीडीपीओ मेहगांव पर 200, डॉ. संदीप सिह मोर्य सीडीपीओ गोहद पर 200।



## आशा प्रशिक्षण केन्द्रों पर डेंगू पर प्रहार जन अभियान कार्यक्रम आयोजित

**भिण्ड।** संस्था श्रीमती भागवंती बाई शिक्षा प्रसार समिति भिण्ड द्वारा संचालित आशा प्रशिक्षण केन्द्र पर जिला मलेरिया अधिकारी डॉ डीके शर्मा द्वारा गुरुवार को डेंगू पर प्रहार जन अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर संस्था सचिव शशिकान्त शर्मा, आशा जिला प्रशिक्षक रमाकान्त शर्मा, मनोज कुमार प्रजापति, हेमन्त कुमार दोहरे, सुनीता दोहरे, गीता गुप्ता, सारिका भदौरिया, प्रशिक्षण समन्वयक अजय कुशवाह, प्रशिक्षण सहायक सरिता चौहान एवं विकासखण्ड फूप, अटेर मेहगाँव, गोहद एवं रौन की आशा कार्यकर्ताएं प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। डॉ.डीके शर्मा ने बताया कि डेंगू बुखार एक सक्रमण हूं, जो डेंगू वायरस के कारण होता है, डेंगू का इलाज समय पर करना बहुत जरूरी होता है। मच्छर डेंगू वायरस को फलात है। डेंगू से कई तरह के लक्षण जुड़े हुए हैं और ये लक्षण दिखने पर आप अपने खून की जांत जरूर करवाए जैसे तेज बुखार आंखों के आसपास दर्द, मांसपेशियों एवं जोड़ों में दर्द त्वचा पर लाल चकते कमजोरी महसूस होना जी मचलना एवं उल्टी होना आदि शामिल हैं। इंगू एक ऐसी बीमारी है जिसमें बुखार लगातार चलता है। उंगू के मरीज के खून में सफेद रक्तकोशिका और प्लेटलेट की मात्रा कम होती जाती है। ऐसी हालत में जल्द से जल्द से डॉक्टरी इलाज से जिला चिकित्सालय भिण्ड में डेंगू की निःशुल्क जाच उपलब्ध है। चूंकि डेंगू की कासिपिक्रि दया गय टीका उपलब्ध नहीं हैए इसलिए हमें इंगू से बचाव के लिए कुछ सावधानियां बरतनी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### किशोरी हुई गायब, परिजनों ने दर्ज करायी गुमशुदगी

**भिण्ड।** अमायन थाना क्षेत्रान्तर्गत एक किशोरी बिना बताये घर से कहीं चली गई, परिजनों ने उसकी तलाश की जिसके बाद भी पता नहीं चला तो थाने पहुंचकर संदेही के विरुद्ध शिकायत दर्ज करायी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर संदेही युवक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार 14 वर्षीय किशोरी निवासी ग्राम कनाथर जो घर से बिना बतायें विगत मंगलवार दोपहर 1 बजे कहीं चली गई, परिजनों ने जब उसकी तलाश की, जिसके बाद भी पता नहीं चला तो थाने पहुंचकर संदेही युवक उसी गांव निवासी गोलू धानुक के विरुद्ध शिकायत दर्ज करायी।

### खेत की मेढ़ पर झकरा रखने को लेकर युवक की मारपीट

**भिण्ड।** रौन थाना क्षेत्र के ग्राम बौनापुरा में खेत की मेढ़ पर झकरा लगाने को लेकर जब एक दलित युवक ने बघेल साहब को रोका तो वह जाति सूचक गाली-गलौज करने लगे और मारपीट शुर कर दी और जान से मारने की धमकी देकर चले गये। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार बुधवार दोपहर 1.30 बजे सत्यकुमार पुत्र रामदास जाटव निवासी 35 वर्ष निवासी बगियापुरा ने बताया आरोपी शंकर बघेल निवासी ग्राम बौनापुरा जो खेत की मेढ पर कांटे लगा रहा था, जब उसने विरोध किया तो जाति सूचक गालियां देने लगा, जिसके मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर एससी/एसटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### ट्रैक्टर ने मारी स्कूटी में टक्कर युवक की मौत

**भिण्ड।** बरोही थाना क्षेत्र के भिण्ड-ग्वालियर रोड पर एक ट्रैक्टर चालक ने तेज व लापरवाही से चलाते हुए एक स्कूटी में टक्कर मार दी और एक युवक घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने आरोपी चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार रमन भदौरिया पुत्र केशव उम्र 25 वर्ष निवासी मेहगांव जो विगत 9 सितंबर शाम 6 बजे स्कूटी से क्षेत्र के पिड़ौरा मोड से गुजर रहा था, इसी दौरान अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी और वह घायल हो गया था, जिसके बाद घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### 3 वर्ष से फरार चल रहे 2 अन्तर्राज्यीय वाहन चोरों को किया गिरफ्तार

**भिण्ड।** पुलिस अधीक्षक भिंड मनोज सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार, नगर पुलिस अधीक्षक आनंद राय के निर्देशन में थाना प्रभारी थाना देहात निरीक्षक रामबाबू सिंह यादव द्वारा लगातार सम्पत्ति संबंधी अपराधों का खुलासा किया जाकर वारदात में संलिप्त आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है इसी क्रम में 17 नवम्बर को जिला जालौन उप्र के ग्राम छौना मानपुरा में दबिश देकर 03 वर्ष से फरार चल रहे वाहन चोर नरेश कुशवाह पुत्र लालसिंह कुशवाह उम्र 27 साल, बलवन्त राठौर पुत्र प्रेमसिंह राठौर उम्र 22 साल निवासीगण ग्राम छौना मानपुरा थाना रामपुरा जिला जालौन उप्र को दबोचा गया।

# गोली मारकर हत्या कर लूटपाट करने वाले आरोपी को आजीवन करावास

**भिण्ड।** देहात थाना के ग्राम बिजपुरी में गोली मारकर हत्या कर लूटपाट करने वाले आरोपी को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। प्रकरण में अभियुक्तगण बंटू उर्फ शैलेन्द्र सिंह पिता रामेश्वर सिंह भदौरिया उम्र 40 साल, निवासी ग्राम बिजपुरी थाना देहात भिण्ड जिला भिण्ड म.प्र. शासन की ओर से पैरवीकर्ता अधिकारी नरेश सिंह राठौर अपर लोक अभियोजक द्वारा प्रकरण का संचालन किया गया।

सहायक मीडिया सेल प्रभारी/एडीपीओ कु0 मनोरमा शाक्य द्वारा बताया गया कि 19 जनवरी 2009 को सहारा अस्पताल ग्वालियर में इस आशय की देहाती नालसी लेखबद्ध करायी कि वह इटावा से अपनी मोटरसाईकिल बजाज डिस्कवर काले रंग की जिसका नंबर एम0पी007 के.के. 2207 से बैठकर अपने घर मेहगांव आ रहा था। जैसे ही वह भिण्ड से चलकर नहर से आगे बरोहीकी तरफ आया, तभी पीछे से दो लडके मोटरसाईकिल पर बैठकर आये और बोले कहा जा रहा है, एक ने उसको गोली मारी, जिससे वह गिर पडा। उसकी मोटरसाईकिल बजाज डिस्कवर काले रंग की पुरानी क्रमांक एम.पी. 07 के.के. 2207 तथा नोकिया मोबाईल 1600 जिस पर सिम नम्बर 9926468117 लूट कर ले गये, वह बेहोश होकर गिर पडा। मोटरसाईकिल की कीमत करीब 12000 तथा मोबाईल की कीमत लगभग 1500 है। जिसके आधार पर अपराध क्रमांक 0/09 अंतर्गत धारा 394/34 भादवि तथा 11/13एमपीडीव्हीपीके एक्ट एवं 25 /27 आयुध अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध किया । उक्त देहाती नालसी के आधार पर थाना बरोही में असल अपराध 05/09 के तहत अंतर्गत धारा 394/34 भादवि एवं 11/13 एमपीडीव्हीपीके व 25/27 आयुध अधिनियम के तहत दो अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्व पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आहत अशोक का चिकित्सीय परीक्षण जिला चिकित्सालय भिण्ड से प्रदर्श पी 14 के अनुसार करवाया गया। विवेचना के दौरान घटना स्थल पर जाकर गवाहों के समक्ष नक्शा मौका प्रदर्श पी 16 बनाया गया। इलाज के दौरान मृतक अशोक कुमार पुरोहित पिता प्रयाग नारायण कीमृत्यु हो जाने से उसका शव परीक्षण थाना झांसी रोड, ग्वालियर के द्वारा शव परीक्षण के लिए आवेदन पत्र प्रदर्श पी-9 व नक्शा पंचायतनामा प्रदर्श पी- 20 साक्षियों के समक्ष बनाया गया व मृतक अशोक कुमार पुरोहित का शव परीक्षण जरायोगय चिकित्सालय, ग्वालियर मे प्रदर्शन पी- 21 के द्वारा कराया गया। विवेचना के दौरान मनोज शर्मा, सोनू जोशी, गिर्राज शर्मा, गोरेलाल नरवरिया, अरविंद जैन, राजू राठौर, नरसिंह, रमेश मिश्रा के कथन उनके बताये अनुसार लेखबद्ध किये गये। मान0 न्यायालय द्वारा विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य पर विश्वास करते हुये अभियुक्त बंटू उर्फ शैलेन्द्र सिंह को धारा 302/34 में आजीवन कारावास एवं 5000-रूपये के अर्थदण्ड एवं भादवि की धारा 394/397 में दस वर्ष का सश्रम कारावास एवं 4000 रूपये के अर्थदण्ड एवं धारा11/13 एमपीडीव्हीपीके एक्ट में तीन वर्ष का सश्रम कारावास एवं 3000 रूपयें के अर्थदण्ड एवं आयुध अधिनियम की धारा 27 में तीन वर्ष का सश्रम कारावास एवं धारा 25 में एक वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रू के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## यादव समाज ने अहीर रेजीमेंट की मांग को लेकर शहीद पार्क में शहीदों को दी श्रद्धांजलि

भिण्ड। गुरूवार को यादव समाज के सभी संगठनों में मिलकर वीर अहीर निर्माण सेना ने नेतृत्व में अहीर रेजीमेंट की मांग को लेकर शहीद पार्क में सभी लोग एकत्रित हुए और वहीं शहीदों को पुष्प अर्पित कर शहीदों



को श्रद्धांजलि दी उसके बाद सभी लोग जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे वहां पर महामहिम राष्ट्रपति महोदय जी के नाम एडीएम भिंड को ज्ञापन सौंपा इस मौके पर यादव महासभा के जिला अध्यक्ष राम रतन उर्फ दाऊ यादव जनपद सदस्य भाजपा नेता शिवराज सिंह उर्फ लला यादव समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष विजय वीर सिंह यादव वीर अहीर निर्माण सेना के जिला अध्यक्ष राधे गोपाल यादव अनिल यादव मुखिया यादव रिटायर मेजर सूरज यादव सुरेंद्र सिंह यादव सोनू यादव कमई सैकड़ों की संख्या में युवा ज्ञापन में सम्मिलित हुए। 1962 युद्ध में रेजांगला चौकी पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले अपने 114 शहीदों के सम्मान में इस तारीख को देश-विदेश में रेजांगला दिवस के रूप में मनाया जाने लगा है।

### रेजांगला की कहानी

1962 में भारत चीन युद्ध के दौरान 18 नवंबर को रेजांगला चौकी पर एक युद्ध हुआ था जिसकी वीरता का दूसरा उदाहरण दुनिया में नहीं मिलता 120 वीर अहीर सैनिकों की टुकड़ी मेजर शैतान सिंह भाटी की अगुवाई में दक्षिण लेह लद्दाख मैं रेजांगला चौकी पर तैनात थी जिनके पास हथियार पुराने थे और गोला बारूद बहुत कम था उधर आधुनिक हथियारों से लैस चीन के 3000 सैनिकों ने हमला किया हमारे सैनिकों ने 18000 फीट की ऊंचाई पर माइनस 40 डिग्री तापमान मैं इतनी वीरता से युद्ध किया कि 1400 चीनी सैनिकों को मार गिराया और चीन को युद्ध विराम के लिए मजबूर कर दिया अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए हमारे 114 वीरों ने अपनी जान कुर्बान कर दी लेकिन अपनी चौकी को चीनियों के हाथ नहीं जाने दिया इस वीरता के लिए टुकड़ी को एक परमवीर चक्र 8 वीर चक्र 4 सेना मेडल और एक अति विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया गया सूर्य वीरो में अति सूर्य वीर वीर अहीर इस उपाधि से सरकार ने उन्हें नवाजा और लेह लद्दाख मैं अहीर धाम नाम से उनका एक स्मारक बनाया।

## कमलनाथ के जन्मदिन पर बच्चों को प्रमोद शुक्ला ने पठन-पाठन सामग्री बाटी



**मेहगांव।** पूर्व मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कमलनाथ के 76 वे जन्मदिन के पावन शुभ अवसर पर कमलनाथ सद्भावना आस्था मंच के 1995 से सहयोगी सदस्य गोहद ब्लॉक कांग्रेस प्रवक्ता जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव प्रमोद कुमार शुक्ला ने अपने कोर्ट का कुआं वार्ड क्रमांक 15 स्थित निवास पर बच्चों को 18 नवंबर 2021 को पठन-पाठन सामग्री चॉकलेट मिठाई बांटते हुए हर्ष उल्लास व उमंग उत्साह के साथ मनाया इस अवसर पर शुक्ला ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ प्रदेश ही नहीं बल्कि संपूर्ण भारतवर्ष में राजनीतिक क्षितिज पर उदयीमान नक्षत्र के रूप में चमकते हुए सितारे की तरह से है एक आदर्श पुरुष के रूप में सकारात्मक सोच रखते हुए प्रदेश व देश के हित में आमजन के विकास व प्रगति के लिए निरंतर संघर्ष कर रहे हैं ऐसे सत्य निष्ठ व्यक्तित्व को 2023 में अवश्य सभी आमजन मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने में सहयोग करेंगे इस अवसर हरीश चंद्र शुक्ला, दीपक गुप्ता, धर्मेंद्र राठौर आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने निराश्रितों के बीच फल वितरित कर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का जन्मदिन मनाया

**भिण्ड।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आज निराश्रित भवन में पहुँचकर निराश्रितों को फल वितरित कर उनका जन्मदिन मनाया । कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष रामकिशोर भारद्वाज ने कहा कांग्रेस को कमलनाथ जैसे नेतृत्व की आवश्यकता है। प्रवक्ता अनिल भारद्वज ने कहा प्रदेश के अवरुद्ध विकास और बेलगाम महंगाई पर कमलनाथ ने 15 माह में नए आयाम लिखे।



आज प्रदेश बुरे दौर से गुजर रहा है। नगर अध्यक्ष संजय भूता ने उन्हें दूरदृष्टि वाला नेता बताया। कार्यक्रम में इरसाद अहमद, राजेश शर्मा, सौम्या शर्मा, दर्शन तोमर, राहुल कुशवाह, अशोक गुप्ता, सोहन तिवारी राघवेंद्र तोमर, आदि शामिल रहे पिछड़ावर्ग कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद सोनी से आभार व्यक्त कर फल वितरित किए। कमलनाथ के 75 वे जन्म दिवस पर काँग्रेस नेता अरुण कटारे ने संत समाज को कंबल भेट कर लिया आशीर्वाद प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ के 75 वे जन्म दिवस पर किसान कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरुण कटारे ने अटेर विधानसभा क्षेत्र के पिडोरा पिथनपुरा चौराह, पावई माता, वोरेश्वर धाम, कोसड बाली माता, ब्रह्मचारी आश्रम मंशा पूर्ण हनुमान जी मंदिर पहुच कर साद्दु संतो में कंबल भेट कर आशीर्वाद लिया एवं अपने नेता की दीर्घायु की कामना की इस मौके पर संजू चौधरी, हरिओम कटारे, कृष्णा भदौरिया, भोलू तोमर, अतुल दंडोतिया, बिष्णु भदौरिया, गोलू पुरोहित, भोलू जोशी, अजय कटारे इत्यादि लोग सम्मिलत हुए।

## नौवें दिन कॉल कर कहा दूसरा डोज जल्द से जल्द लगवाए, रासेयो के स्वयंसेवक कर रहे जागरूक

**भिण्ड।** जिला कलेक्टर सतीश कुमार एस के आदेशानुसार जिला चिकित्सालय भिण्ड में सीएमएचओ कार्यालय में स्थित कोविड कॉल सेंटर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवको के द्वारा निरंतर आठवें दिन कोविड वैक्सीनेशन महाअभियान के अतंर्गत प्रतिदिन करीब 4000 से अधिक लोगों को कॉल लगाकर दूसरा डोज लगवाने की अपील कर रहे है। इस कार्य में शासकीय एमजेएस महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई 02, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रं. 01, अमृत युवा मंडल के युवा स्वयंसेवक प्रतिदिन 03 घंटें अपना समय देकर उक्त कार्य कर रहे है।

## नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया आज भिण्ड में

**भिण्ड।** मध्य प्रदेश सरकार में एक नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया अपने निर्धारित जनसंपर्क एक दिवसीय कार्यक्रम के तहत 19 नवंबर 2021 को भिंड आएंगे व अनेक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। राज्यमंत्री भदौरिया भिंड शहर के राष्ट्रीय कवि पंडित सूर्यकांत त्रिपाठी निराला रंग बिहार



मेला परिषद में आयोजित दिव्यांश निशुल्क उपकरण कार्यक्रम में 12:00 बजे शामिल होंगे। दोपहर 2:00 बजे गोहरा में चल रही श्रीमद भागवत कथा में शामिल होंगे एवं दोपहर 3:00 बजे सिलौली में संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। राज्यमंत्री भदौरिया 10:00 बजे भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजय सिंह भदौरिया के पिता स्वर्गीय उदय सिंह भदौरिया के परिवारों के बीच भिंड शहर वनखंडेश्वर मंदिर स्थित गर्ल्स स्कूल वाली गली पहुंचेंगे शोक संवेदना व्यक्त करेंगे।

## चीन और पाक से खतरा

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल विपिन रावत ने एक बार फिर चीन को सबसे बड़ा खतरा बताया है। उन्होंने अफगानिस्तान से अमेरिकी फौज की वापसी के बाद पाकिस्तान से प्रायोजित आतंकवाद में तेजी आने पर भी चिंता जताई है। जनरल रावत ने कहा है कि चीन भारत के लिए बड़ा खतरा बन चुका है। जनरल के मुताबिक चीन से लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास भारी संख्या में तैनात भारतीय सैनिकों की संख्या में कमी या उनकी वापसी भी अब बहुत आसान प्रक्रिया नहीं है। लंबे समय तक इन्हें वापस नहीं बुलाया जा सकता। जनरल रावत ने विदेश मंत्री एस जयशंकर की भाषा बोलते हुए कहा कि चीन और भारत के बीच में विश्वास में कमी और संदेह काफी बड़ी बाधा है। जनरल रावत ने चीन के साथ-साथ अफगानिस्तान में तालिबान शासन को लेकर भी चिंता जताई। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद बढने़ की आशंका बताई और थिएटर कमान गठित किए जाने पर जोर दिया। भारत ने 10 नवंबर को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों का सम्मेलन बुलाया था। दिल्ली क्षेत्रीय सुरक्षा संवाद के इस फोरम पर पाकिस्तान और चीन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों को आमंत्रित किया था। चीन को सम्मेलन में बुलाने के लिए विदेश मंत्रालय और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार कार्यालय ने काफी मशक्कत की थी। लेकिन चीन ने समय का हवाला देकर आने में आनाकानी की। जबकि पाकिस्तान ने मना कर दिया। इसी को केंद्र में रखकर पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर बैठक बुलाई। उसमें तालिबान शासन के प्रतिनिधि, चीन के राजनयिक समेत अन्य शामिल हुए। इसे पाकिस्तान और चीन का अफगानिस्तान मामले में भारत के खिलाफ गठजोड़ के तौर पर देखा जा रहा है। दूसरे भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार कार्यालय की प्रमुख चिंता रूस द्वारा बार-बार आतंकवाद के मुद्दे पर भारत का साथ देने का भरोसा देने के बाद भी खुलकर मुद्दे पर आगे न बढना़ है। माना यह जा रहा है कि एशिया में राष्ट्रीय हितों को देखकर पाकिस्तान, चीन, अफगानिस्तान के तालिबान शासक वर्ग और रूस एक वेवलेंथ पर आ रहे हैं। अमेरिका की नीतियां अभी भी अस्पष्ट हैं। ऐसा होने पर भारत के सामने न केवल मध्य एशिया तक जाने, कारोबार, व्यापार बढ़ाने की चुनौती पैदा हो सकती है, बल्कि देश की सीमा पर घुसपैठ के साथ समुद्री रास्ते से बढ़ते खतरे का भी सामना करना पड़ सकता है। सामान्य धारणा है कि अफगानिस्तान में स्थायित्व, शांति और स्थिरता आने पर ही वहां के लोगों की मुसीबत कम हो सकती है। इसका एकमात्र रास्ता वहां सैन्य बलों को भेजकर लोगों की सुरक्षा को बढ़ाना ही है। यह इतना आसान नहीं है। अमेरिकी सुरक्षाबलों के अफगानिस्तान से लौटने के बाद दुनिया के तमाम देश वहां अस्थिरता, गृह युद्ध की तरफ बढ़ रहे हालात या आतंकवाद की संभावना को लेकर भले चिंता जता रहे हैं, लेकिन सैन्य बल भेजने जैसे कदम उठाने या फिर एकजुटता के साथ मुद्दे के समाधान की तरफ बढने़ की संभावना से कोसों दूर हैं। इसलिए आतंकवाद समेत अन्य ज्वलंत मुद्दों से निपटने के वैकल्पिक प्रयास अमल में लाए जा रहे हैं।

# जंबूरी उद्घोषणाः जनजातीय राजनीति के बदलाव का शंखनाद

**डॉ अजय खेमरिया**

जिस तरह देश महात्मा गांधी,सरदार पटेल औऱ बाबा साहब की जयन्तियां मनाता है ठीक वैसे ही हर साल 15 नबंवर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती भी जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस वक्तव्य के गहरे सांस्कृतिक एवं राजनीतिक निहितार्थ है।राजनीतिक रूप से यह देश की 11 करोड़ जनजातीय आबादी को भारतबोध के साथ जोड़ने के साथ भाजपा के भविष्य के राजनीतिक दर्शन और लक्ष्य को भी स्पष्ट परिभाषित कर रहा है।भोपाल के जंबूरी मैदान में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस असल मायनों में एक नई संसदीय परिघटना की इबारत भी लिख गया है। यह मप्र की चुनावी राजनीति से इतर झारखंड, छत्तीसगढ़, गुजरात आंध्रप्रदेश, सहित पूर्वोत्तर के राज्यों में भी भाजपा के चुनावी लक्ष्य भी निर्धारित करने वाला घटनाक्रम है।प्रधानमंत्री के वक्तव्य का दूसरा सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है %वनवासियों ने अयोध्या के राजकुमार को मर्यादा पुरुषोत्तम राम बना दिया% इसका बात का विराट सांस्कृतिक महत्व है क्योंकि संसदीय राजनीति में भाजपा राम को गर्व के साथ भारत के स्वत्व के साथ जोड़ती है और पिछले कुछ समय से वनवासियों को राम और हिन्दू धर्म से अलग सिद्ध करने की राजनीति भी चरम पर है।प्रधानमंत्री ने भारत के स्वतंत्रता समर के साथ जनजातीय नायकों की विस्मृत कर दी गई भूमिका को जिस आक्रमकता के साथ जंबूरी मैदान पर उकेरा है उसके मायने भी विपक्ष के लिए निरुत्तर करने वाले हैं।क्योंकि संयुक्त विपक्ष प्रधानमंत्री के इस वक्तव्य पर इसलिए असहमति या कतिपय आरोप की राजनीति नही कर सकता है क्योंकि असंदिग्ध रूप से जनजातीय प्रतिनिधित्व के मामले में राष्ट्रीय आंदोलन की कथा में कहीं भी समानुपातिक भागीदारी आज नजर नही आती है।ध्यान से देखा जाए तो प्रधानमंत्री ने जम्बूरी में एक नया सामाजिक राजनीतिक एजेंडा भी सेट कर दिया है।इस एजेंडे में कुछ ऐसे सवाल है जो कांग्रेस समेत समूचे विपक्ष को परेशान कर सकते है।प्रधानमंत्री ने एक औऱ अहम बात कही कि जिन लोगों ने जनजातीय गौरव को विस्मृत किया है उसकी चर्चा सब जगह होना चाहिये। राजनीतिक मैदान और विमर्श नवीसी में जब यह सवाल उठेंगे कि स्वतंत्र सेनानियों की पेंशन लेनें वालों में कितने जनजाति है?बिरसा से लेकर भीमा नायक ,रघुनाथ शाह,शंकर शाह जैसे नायक किस पाठ्यक्रम में है?कितने जनजतियो के हिस्से में भारत रत्न औऱ पदम् पुरुस्कार है? इन सवालों के जबाब कांग्रेस को सीधे परेशान करने वाले है क्योंकि तुष्टीकरण औऱ परिवारवाद के फेर में इस देश की जनजातियों के महानायक अन्याय का शिकार तो हुए ही है।जाहिर है किसान आंदोलन, असहिष्णुता, सीएए कोरोना विफलता जैसे नकली नैरेटिव से वातावरण खराब करने वालों को प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीतिक रूप से अपने परम्परागत अंदाज में घेर लिया है।यह घेराबंदी अगले तीन सालों में होने वाले 9 राज्यों के विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव के लिए विपक्ष को खासी परेशान करने वाली होगी।

भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में आयोजित इस गौरव दिवस ने भाजपा के समावेशी संस्करण को सामने लाने का काम किया।प्रधानमंत्री के मंच पर मप्र कोटे से केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते,प्रदेश सरकार के मंत्री बिसाहूलाल सिंह, विजय शाह, मीना सिंह,के अलावा सांसद गजेंद्र सिंह, दुर्गा दास उईके, हिमांद्री सिंह,संपतिया उईके, प्रो सुमेर सिंह सोलंकी, और पूर्व विधायक कुल सिंह भाबर मौजूद थे।इसका प्रतीकात्मक महत्व भी इसलिए भी है क्योंकि भाजपा पर दलित और जनजातीय विरोधी होने का आरोप लगाया जाता है जबकि प्रतिनिधित्व के नजरिये से देखा जाए



तो भाजपा ही ऐसा दल है जहां पिछले डेढ़ दशक से इन वर्गो के सर्वाधिक प्रतिनिधि चुनकर आ रहे है।जंबूरी के मंच का एक प्रतीक भाजपा का प्रामाणिक जबाबी हमला भी है उस कांग्रेस की तरफ जो दशकों तक इस वर्ग को वोटबैंक की तरह उपयोग करती रही है।हाल ही में जोबट के उपचुनाव का नतीजा भी मप्र में जनजातीय राजनीति के प्रति भाजपा की दीर्घकालिक राजनीति का संकेत देता है जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने जंबूरी के मंच से समझाने का प्रयास किया है।तो बड़ा सवाल यह कि जनजातीय गौरव दिवस के साथ भाजपा ने जिस नई जंबो लकीर को जंबूरी मैदान से राजनीतिक एवं सांस्कृतिक रूप से खींचा है वह संसदीय राजनीति में विपक्ष के लिए वाकई बड़ी चुनौती है या नही?वस्तुतः प्रधानमंत्री मोदी भारत की परंपरागत राजनीतिक प्रस्थापनाओं औऱ अवधारणाओं को बदलने में सिद्धहस्त है।अल्पसंख्यकवाद हो या भारत की दलित,पिछड़ी राजनीति की थियरी।भाजपा ने एक एक लंबी राजनीतिक परियोजना के तहत इन सबको नए आयाम पर अपने पक्ष में खड़ा कर दिया है।कमोबेश अब जनजातीय राजनीति की इबारत को भी इसी तर्ज पर पूरी प्रामाणिकता के साथ बदलने की जमीनी शुरुआत हो चुकी है।मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जिस व्यवस्थित तरीके से जनजातीय सम्मेलन को आयोजित किया है उसके दीर्धकालिक राजनीतिक नतीजे भी स्वयंसिद्ध है।हबीबगंज रेलवे स्टेशन को गोंड रानी कमलापति के नाम पर किया जाना प्रतीकों की राजनीति का श्रेष्ठतम उदाहरण है।दिग्विजयसिंह का यह कहना कि यह काम हम भी करना चाहते थे।इस बात को साबित करता है कि जनजातीय राजनीति की धुरी अब कहाँ खड़ी हुई है।प्रधानमंत्री का यह कहना कि जनजातीय इतिहास को छिपाया गया है और कांग्रेस की सरकारों ने उचित सम्मान न देकर अपराध किया है।इस बयान की चोट सीधी विपक्ष पर जाती है।भगवान बिरसा मुंडा को गांधी,पटेल और अम्बेडकर के साथ खड़ा करके प्रधानमंत्री ने साफ संकेत कर दिया है कि देश की 10 फीसदी आबादी वाला जनजातीय वर्ग भाजपा की सर्वोच्च प्राथमिकता पर है।सबसे अहम बात यह कि जनजातीय समाज के साथ भगवान राम को निर्णायक शक्ल में जोड़ने की शुरुआत इस जंबूरी समागम ने कर दी है। इस बात ने जनजातीय समाज को अंतर्मन से स्पंदित किया है।राम और जनजातीय का यह युग्म मिशनरीज केंद्रित अलगाव की राजनीति के लिए बड़ा झटका साबित होने वाला है क्योंकि इस बात से कोई इनकार नही कर सकता है कि संगठन के स्तर पर इस समय भाजपा और उसके समविचारी मैदानी कार्यकर्ताओं का कोई भी मुकाबला अन्य दल नहीं कर सकते है। इसलिए जब जंबूरी का उद्घोष मैदान पर क्रियान्वित होगा तब जनजातीय राजनीति का बदलना भी तय ही है। सोमवार को राजधानी में जनजातीय गौरव दिवस की शुरुआत का अवसर देश की सियासत को नए संकेत दे गया। सच्चाई तो यह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जंबूरी समागम को सामाजिक राजनीतिक परिवर्तन की नई मुहिम से जोड़ दिया। वर्षों से उपेक्षित आदिवासी समाज को संबल, सहयोग और सम्मान देकर स्पष्ट कर दिया कि इस समाज के साथ नाइंसाफी अब नहीं चलने वाली। प्रधानमंत्री मोदी औऱ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के एक-एक शब्द बता रहे थे कि भाजपा के साथ जनजातीय समाज का भविष्य का रिश्ता क्या होने वाला है। जाहिर है इसके सियासी मायने तो निकाले ही जाएंगे।बदलाव का अंदाज इस बात से लगाया जा सकता है कि जबलपुर में आयोजित कांग्रेस के जनजातीय सम्मेलन में बमुश्किल एक हज़ार जनजाति वर्ग के लोग जुटे जिसके चलते पूर्व सीएम कमलनाथ को पांच मिनिट में ही वहां से रवानगी डालनी पड़ी।ग्वालियर के समारोह में एक भी जनजातीय व्यक्ति नही आया। संकेत साफ है भाजपा, मोदी और शिवराज ने जनजातीय राजनीति के परंपरागत लिबास को उतार दिया है जो अब नये संस्करण में राममय होगी।

## कुसंग का फल

प्रतिदिन कुछ बगुले आकर एक किसान के खेत की फसल बर्बाद कर जाया करते थे। इसे देखकर किसान ने उन बगुलों को पकड़ने के लिए खेत में जाल बिछा कर रख दिया। बाद में उसने जाकर देखा तो बहुत से बगुले उसके जाल में फंसे हुए थे और उनके साथ ही एक सारस भी फंसा हुआ था। सारस ने किसान से कहा, ''भाई किसान, मैं बगुला नहीं हूं। मैंने तुम्हारी फसल बर्बाद नहीं की है। मुझे छोड़ दो। तुम विचार करके देखो कि मेरी कोई गलती नहीं है। जितने भी पक्षी हैं, मैं उन सबकी अपेक्षा अधिक धर्म परायण हूं। मैं कभी किसी को नुक्सान नहीं पहुंचाता। मैं अपने वृद्ध माता-पिता का अतीव सम्मान करता हूं और विभिन्न स्थानों में जाकर प्राण-प्रण से उनका पालन-पोषण करता हूं। इस पर किसान बोला, ''सुनो सारस, तुमने जो बातें कहीं, वे सब ठीक हैं, उन पर मुझे जरा भी संदेह नहीं है। परन्तु चूंकि तुम फसल बर्बाद करने वालों के साथ पकड़े गए हो इसलिए तुम्हें भी उन्हीं के साथ सजा भोगनी होगी क्योंकि कुसंग का फल बुरा होता है''।

# इन्दिरा गांधी के लिए कार्यकर्ता उसका परिवार था !

**डॉ श्रीगोपालनारसन एडवोकेट**

इन्द्रिरा गांधी ने आम कार्यकर्ता को अपना परिवार मानते हुए हमेशा उन्हें तरजीह दी।वही भारत को दुनियाभर में पहचान दिलाने में जो योगदान इन्द्रिरा गांधी का रहा है ,वह किसी अन्य नेता का नही रहा। दुनिया के बडे से बडे नेता से निरंतर समर्पक बनाये रखना और भारत का दुनिया के देशों के बीच महत्व सिद्ध करने की कौशिश करना उनकी कार्यशैली में शामिल था, इसके लिए उन्होने प्रधानमन्त्री के रूप में देश की सेवा करते हुए भारत को न सिर्फ दुनिया भर में पहचान दिलाई बल्कि दुनिया को अपनी ताकत का लोहा भी मनवाया। आजादी की लडाई में बाल वानर सेना खडी कर अंग्रेजो को चुनौती देने वाली इन्दिरा बचपनसे ही देश पर न्योछावर होने को आतुर थी। अपने पिता पंडित जवाहर लाल नेहरू से राजनीतिक प्रशिक्षण प्राप्त कर एक परिपक्व नेता बनी इन्दिरा ने कभी पीछे मुडकर नही देखा और देश की एकता व अखण्डता के लिए सदैव आगे बढती चली गई।जीवन पर्यन्त राष्ट्र के प्रति समर्पित रही इन्दिरा गांधी ने कभी अपनी जान की परवाह नही की। उनके जीवन का आखिरी सम्बोधन भीयही रहा कि मेरे खून का एक एक कतरा देश के लिए काम आए और सच में उन्होने अपने शरीर का एक एक कतरा देश पर न्योछावर करके दिखाया।

कडी मेहनत,पक्का इरादा,दूरदृष्टि जैसे जीवन सूत्र दुनिया को देने वाली इन्दिरा गांधी ने बीस सूत्री कार्यक्रम देश मे लागू कर गांव स्तर पर विकास का रास्ता तैयार किया। वे चाहती थी कि सबसे पहले गांव खुशहाल हो तो देश अपने आप खुशहाल हो जाएगा। उनकी सुदृड विदेश नीति की बदोलत भारत ने दुनियाभर के देशों के बीच अपनी खास पहचान बनाई। वही देश के अन्दर समाज के आखिरी व्यक्ति के चेहरे पर खुशहाली लाने के लिए इन्दिरा गांधी हमेशा बेचैन रहती थी।गजब की फूर्तिली व देश तथा समाज के लिए हमेशा अच्छा सोचने वाली इन्दिरा गांधी ने दुनिया भर में भारत को नई पहचान देने का काम किया। उन्होने अपने रहते कभी तिरंगें को झुकने नही दिया और भारत का लौहा दुनिया भर में मनवाया। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के शब्दों में ,इन्दिरा गांधी देश के गरीबों की मसीहा थी जिन्होने जीवन पर्यन्त ग्राम स्तर के विकास कार्यक्रम चलाकर गरीबो को खुशहाल बनाकर उनके चेहरे पर मुस्कान लाने की कौशिश की। उन्ही के द्वारा शुरू किये गए विकास कार्यक्रम आज भी गरीबोत्थान का आधार बने हुए है। जो हमेशा हमे इन्दिरा जी की याद दिलाते रहेगें।



उनकी अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर उनकी विशेष पकड होती थी। साधारण से साधारण कार्यकर्ता को नाम लेकर बुलाना और उन पर विश्वास करना उनकी कार्यशैली का हिस्सा हुआ करता था। निर्णय लेने की जो क्षमता इन्द्रिरा गांधी में थी वह क्षमता आज किसी भी दूसरे नेता में देखने को नही मिलती।पाकिस्तान को धुल चटाकर बंगलादेश को जन्म देने वाली इन्दिरा गांधी के दुनियाभर के देश इस कदर कायल थे कि उन्हे 165 देशो के संगठन का अध्यक्ष तक बना दिया था। भारत में ऐसा सम्मान आज तक कोई दूसरा नेता प्राप्त नही कर पाया है। इन्दिरा जी का लोहा उनके विरोधी भी मानते थे।आपात काल के मजबूरीवश लिए गए निर्णय से हुए नुकसान को दरकिनार कर दे तो इन्दिरा हमेंशा अपने लिए गए निर्णयों से फायदे में ही रही। सच यह भी है कि जो विकास प्रथम प्रधानमन्त्री पंडित जवाहर लाल नेहरू और इन्दिरा गांधी के जमाने में हुआ, उतने विकास की कल्पना फिर कभी साकार नही हुई। कांग्रेस शासन काल में जब जब भी सत्ता की बागडोर नेहरू परिवार के बजाए किसी ओर के हाथों में आई तब तब ही कांग्रेस को विवादो मे धिसटना पडा। हांलाकि प्रधानमन्त्री मनमोहन सिहं स्वयं में एक सफल प्रधानमन्त्री रहे है लेकिन उन्हे अपने कई सहयोगी मन्त्रियो के भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जाने के कारण परेशानी भी झेलनी पडी थी। वह तो कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की सुझ बूझ से भ्रष्टो के प्रति कोई रियायत न बरतकर एक सही संकेत देने की कौशिश की गई वरना हालात और भी खराब हो जाते । ऐसे में इन्दिरा गांधी याद हो आती है जिन्होने हमेशा सही वक्त पर सही निर्णय लेकर कांग्रेस को जिन्दा रखा।

# मौत के बीच जिंदगी खोजता पॉल अलेक्जेंडर !

**सूडोकु नवताल- 5896** ★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5895 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

**डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट**

जीवन के प्रति जीवटता अगर है तो सामने खड़ी मौत भी हार सकती है। बुरे हालात के सामने हार ना मानते हुए अपने सपनों के लिए संघर्ष कर जिंदगी का मुकाम हासिल कर पॉल अलेक?जेंडर ने दुनिया के सामने एक नई मिसाल पेश की हैं। %द मैन इन आयरन लंग% के नाम से मशहूर पॉल अलेक?जेंडर पिछले 60 सालों से एक मशीन में बंद हैं। इस मशीन में एक-एक सांस के लिए उसे संघर्ष करना पड़ता है।फिर भी उसने न तो जीवन जीने की ललक छोड़ी ओर न ही कुछ कर गुजरने की तमन्ना। पॉल ने मशीन में बंद रहकर ही अपनी कानून की पढ़ाई पूरी की और एक पुस्तक भी लिखी। अमेरिका में रह रहे पॉल अलेक?जेंडर द्वारा लिखी गई मोटिवेशनल पुस्तक अब दुनियाभर में सुर्खियां बटोर रही है। पॉल अलेक?जेंडर पिछले 60 साल से एक टैंक नुमा मशीन में बंद हैं, यही उनकी जीने का एकमात्र सहारा है। पॉल पूरे समय इसी मशीन में लेटे रहते हैं। पॉल को सन 1952 से सांस लेने में परेशानी है, उन्हें सांस लेने के लिए आयरन लंग (मशीनी फेफड़े) का सहारा लेना पड़ता है। इसी मशीन में लेटे-लेटे उन्होंने अपनी पढ़ाई पूरी की और पुस्तक लिखी। पॉल इस हालत में रहकर भी दूसरों को मोटिवेट करना चाहते है। पॉल को 6 वर्ष की आयु में हुई पोलियो अटैक हुआ था। पोलियो अटैक के बाद से पॉल की जिंदगी मुश्किल भरी हो गई , उन्हें दोस्त के साथ खेलते हुए तभी चोट भी लग गई थी। इसके बाद पॉल पूरी तरह से दूसरों के सहारे पर निर्भर हो गए।पोलियो के साथ ही उन्हें सांस लेने में दिक्कत होने लगी। डॉक्टरों की सलाह पर उन्हें मशीनी फेफड़ों पर रखने के अलावा दूसरा कोई विकल्प नहीं था। पॉल के बड़े होने पर उनके रिकवर होनी की उम्मीद जताई जा रही थी लेकिन ऐसा नही हो पाया। अपने इस कठिन जीवन के 75 वर्ष पूरे कर चुके पॉल 60 साल से मशीन में बंद हैं। वह हिल-डुल भी नहीं पाते।कानून की पढ़ाई के साथ-साथ उन्होंने अपग्रेडेड व्हीलचेयर की मदद से कुछ समय तक वकालत भी की।पॉल एलेक्जेंडर के दृढ़ हौसले का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने खुद 8 सालों तक कीबोर्ड को प्लास्टिक की स्टिक से चलाकर अपनी किताब लिखी। वह हार मानने वालों में से नहीं हैं। उनके लिए किताब लिखना बिल्कुल आसान नहीं था लेकिन अपने हौसले से उन्होंने दुनिया को अपनी आत्मबल का का एहसास कराया। सन 1946 में अमेरिका में जन्मे लेखक और अधिवक्ता अलेक्जेंडर पॉल के बचपन के दिनों की बात है,सन 1952 में जब वे 6 वर्ष के थे, तब उन्हें पोलियो हो गया था।फिर जुलाई की एक शाम टेक्सास के डेलास में वे अपने दोस्तों के साथ खेलने निकले तो उनकी गर्दन में चोट लगी और सिर फट गया। पॉल को पोलियो अटैक भी हुआ था अगले कुछ दिनों में उनकी स्थिति और बिगड़ने लगी। अब वे नही चल पाते थे, न ठीक से खा सकते थे।अस्पताल में एक डॉक्टर ने पाया कि उनके फेफड़ों में जमाव हो रहा है और उन्हें सांस लेने में भी कठिनाई हो रही थी। उनका लकवाग्रस्त शरीर हिल भी नहीं सकता था।डॉक्टर ने आपातकालीन ट्रेकियोटॉमी कर उनका लंग्स क्लियर किया।

तीन दिन बाद जब पॉल की आंख खुली तो उन्होंने खुद को लोहे की मशीन के अंदर पाया।यह मशीन आयरन लंग्स है।तब इसकी मदद से ही लकवाग्रस्त मरीज सांस ले सकते थे। यह मशीन मरीज के फेफड़ों में ऑक?सीजन भरने का काम करती है। यही उस समय का सफल आविष्कार था। इसमें मरीज को करीब 20 साल तक रहना पड़ता था, जब तक वे पूरी तरह व्यस्क न हो जाएं।

लेकिन पॉल के 20 वर्ष की उम्र हो जाने के बाद भी उनकी बीमारी में सुधार नहीं हुआ। वे अपनी गर्दन के नीचे का हिस्सा बिल्कुल नहीं हिला पा रहे थे। जिसकारण आज भी वे उसी मशीन में बंद हैं। उनके जिंदा रहने के लिए यह मशीन बहुत जरूरी है। पॉल ने बीमारी के आगे हार नहीं मानी।उन्होंने बहादुरी दिखाते हुए मशीन के अंदर ही सामान्य जीवन जीने की कोशिश की। उन्होंने अपनी पढ़ाई पूरी करने का संकल्प लिया और मशीन में रहते हुए अपना ग्रेजुएशन पूरा किया। उन्होंने कानून की डिग्री प्राप्त की और वे अधिवक्ता बन गए। 21 साल की उम्र में वह ऐसे छात्र बने, जिन्होंने क्लास नहीं जाते हुए भी ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल की। यूनिवर्सिटी एडमिनिस्ट्रेशन के द्वारा बार-बार एडमिशन रिजेक्ट कर दिए जाने के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। अंततः उन्होंने दक्षिणी मेथोडिस्ट विश्वविद्यालय में एडमिशन लिया और फिर ऑस्टिन में टेक्सास विश्वविद्यालय में लॉ कॉलेज में एडमिशन लिया।

## गुरुद्वारे में नमाज़

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

गुड़गांव के सिखों ने मुसलमानों से कहा है कि वे हर शुक्रवार को गुरुद्वारों में आकर नमाज़ पढ़ा करें। उन्हें सड़कों पर यदि कुछ लोग नमाज़ नहीं पढ़ने देते हैं और उनके पास मस्जिदों का पूरा इंतजाम नहीं है तो वे चिंता न करें। गुड़गांव के पांच गुरुद्वारे अब नमाज के लिए भी खोल दिए जाएंगे। गुड़गांव और अन्य कई शहरों में इस बात को लेकर काफी विवाद उठ खड़ा हुआ है कि सड़कों पर नमाज़ पढ़ने दी जाए या नहीं ? कुछ उग्र लोग उसका विरोध सिर्फ इसलिए कर रहे हैं कि वह मुसलमानों की नमाज़ है। उचित तो यह है कि सड़कों को रोकनेवाली चाहे नमाज़ हो, चाहे रथ-यात्रा हो, किसान प्रदर्शन हो, पार्टियों के जुलूस हो या नेताओं की सभाएं हों, उन्हें नियंत्रित किया जाना चाहिए, क्योंकि सड़कों के रुक जाने से हजारों-लाखों लोगों के लिए तरह-तरह की मुसीबतें पैदा हो जाती हैं। गुड़गांव के हिंदुओं और मुसलमानों की तारीफ करनी पड़ेगी कि उन्होंने इस मुद्दे पर न तो कोई गाली-गुफ्ता किया और न ही कोई मारपीट की। हरयाणा की सरकार का रवैया भी काफी विवेकपूर्ण रहा। असलियत तो यह है कि यदि आप सुलझे हुए आदमी हैं और यदि आप सच्चे आस्तिक हैं तो आपको भगवान का नाम किसी भी भाषा में लेने में कोई आपत्ति क्यों करनी चाहिए? जो भगवान किसी हिंदू का पिता है, वही जिहोवा ईसाई और यहूदी के लिए है, वही अल्लाह शिया और सुन्नी मुसलमानों के लिए भी है। हम यह न भूलें कि 1588 में अमृतसर के स्वर्ण मंदिर गुरुद्वारे की नींव सूफी संत हजरत मियां मीर ने रखी थी। मुझे याद है कि 1983 में जब मैं पेशावर में अफगान नेता (और बाद में जो राष्ट्रपति बने) बुरहानुद्दीन रब्बानी से मिला तो उन्होंने कहा कि ये वक्त हमारी नवाज़े-तरावी का है। वह करके मैं लौटता हूं। फिर आप मेरे साथ शाकाहारी खाना खाकर जाइएगा। मैंने कहा कि मैं भी आपके साथ चलता हूं। आप कुरान की आयतें पढ़ना और मैं वेद-पाठ करुंगा। दोनों में ही ईश्वर की स्तुति के अलावा क्या किया जाता है? बिल्कुल ऐसा ही वाक्या 52 साल पहले लंदन में हुआ। दिल्ली के महापौर हंसराजी गुप्ता और अटलजी से भी वरिष्ठ नेता जगन्नाथरावजी जोशी मुझे अचानक लंदन के हाइड पार्क में मिल गए। उन्होंने कहा कि एक चर्च में आज शाम को आपका भाषण करवाते हैं। वहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा लगती है। मैं चकरा गया। चर्च में संघ की शाखा ? और फिर वहां मेरा भाषण? पिछले दिनों मैंने एक खबर यह भी पढ़ी थी कि मथुरा या वृंदावन के किसी मंदिर के प्रांगण में किसी मुसलमान युवक ने नमाज पढ़ी तो मंदिर के पुरोहित ने तो स्वीकृति दे दी लेकिन कुछ हिंदू उत्साहियों ने उस युवक के खिलाफ पुलिस में रपट लिखवा दी।

# चाइल्ड लाइन टीम द्वारा बच्चों के साथ दोस्ती सप्ताह कार्यकम का आयोजन




## स्कूली बच्चों ने जाना कैसे काम करती है पुलिस

**मुरैना।** चाइल्डलाइन से दोस्ती सप्ताह अंतर्गत 18 नवम्बर 2021 को चाइल्डलाइन मुरैना द्वारा डॉ बीआर अम्बेडकर स्कूल पिपरई का पुरा सरायछोला में स्कूली बच्चों के साथ दोस्ती कार्यकम का आयोजन किया गया तथा बच्चों से ज्ञानवर्धक प्रश्नो के सवाल किए गए । जिसमें सवाल का सही उत्तर बताने बाले बच्चों को चाइल्ड लाइन टीम की तरफ से उपहार के रूप में टीशर्ट, पजल गेम, ज्ञानवर्धक किताबे, फुटबॉल, कैप, आदि दी गई।

इस अवसर पर चाइल्ड लाइन टीम कोडिनेटर जय कुमार चाँदिल ने बच्चों को चाइल्ड लाइन नम्बर 1098 के बारे में विस्तार से बताया एवं 1098 नम्बर पर फोन कॉल करके बच्चों को बताया गया। टीम सदस्य नितिन शिवहरे द्वारा बच्चों को बाल विवाह, पॉक्सो एक्ट की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर चाइल्ड लाइन स्टाफ एवं स्कूल स्टाफ द्वारा बच्चों को दोस्ती का प्रतीक रक्षा सूत्र कलाई पर बांधकर दोस्ती का संकल्प लिया गया एवं बच्चों द्वारा आमजन को चाइल्ड लाइन दोस्ती सप्ताह के तहत जागरूक करने के उद्देश्य से मानव श्रंखला बनाकर दोस्ती का संदेश दिया गया। आयोजित कार्यक्रम में चाइल्ड लाइन टीम से राकेश सिंह भदौरिया, धारा सिंह, स्कूल संचालक रामलखन पिप्पल, अनिता परमार, नंदनी श्रीवास, विश्वजीत पिप्पल सहित सैकडों की संख्या में स्कूली बच्चों उपस्थित रहे।

### पुलिस आपकी मित्र हैः थाना प्रभारी

हर बच्चे में पुलिस के कामकाज को लेकर जिज्ञासा बनी रहती है कि पुलिस कैसे काम करती है, उनकी कार्यप्रणाली क्या होती है? कैसे थाने में कामकाज होता है, किस तरह से अपराधियों से निपटा जाता है, इन्हीं जिज्ञासाओं को शांत करने के लिए चाइल्ड लाइन टीम द्वारा बच्चों को थाना सरायछोला का भ्रमण कराया गया जिसके अंतर्गत बच्चों को थाने में पदस्थ थाना प्रभारी ऋषिकेश शर्मा एवं अन्य पुलिसकर्मी से मुलाकात कराई गई इस अवसर पर बच्चों को पुलिस विभाग द्वारा कार्यवाही प्रक्रिया से अवगत कराया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी ऋषिकेश शर्मा द्वारा बच्चों को जीवन में आगे बढ़ते रहने व अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा गया। इस दौरान थाना प्रभारी द्वारा बच्चों को एफआईआर, प्राथमिकी रिपोर्ट दर्ज करना, शिकायत लिखवाना, आनलाइन रिपोर्ट, 100 डायल, अपराध के कारण एवं दण्ड प्रावधान, प्राथमिक जेल आदि की जानकारियां दी गई। थाना प्रभारी ने बच्चों को बताया कि पुलिस आपकी मित्र है। पुलिस से आपको डरने की जरूरत नहीं है। आप निर्भिक होकर अपनी शिकायत पुलिस थाना आकर कर सकते है। आपातकालीन 100, चाइल्ड लाइन नम्बर 1098 पर डायल कर सकते है।

# धूमधाम से मना कमलनाथ का जन्मदिन



**मुरैना।** भोपाल में मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ जी का 75 वा जन्मदिवस प्रदेश भर से आए हुए कार्यकर्ताओं ने बड़ी धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर मुरैना से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता भोपाल पहुंचे थे। जौरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव पंकज उपाध्याय ने बताया कि जौरा विधानसभा से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पहुंच कर अपने प्रिय नेता को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी और मुरैना में निर्मित गजक से कमलनाथ का मुंह मीठा कराया। इस दौरान कमलनाथ ने पंकज उपाध्याय के साथ स्टेज पर आकर केक भी काटा, बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ताओं को देखकर कमलनाथ ने उत्साहित कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार किया।

## गाय, भैसों में अब बछिया-पड़िया ही पैदा होगी

**मुरैना।** पशुपालन विभाग के उपसंचालक डॉ. त्यागी ने एक जानकारी में बताया है कि गाय, भैसों में कृत्रिम गर्भाधान सेक्सड सोरटेड सीमन द्वारा गर्भित किया जायेगा। जिसके फलस्वरूप 90 प्रतिशत बछिया-पड़िया ही पैदा होगी। सेक्सड सोरटेड सीमन का शुल्क सामान्य वर्ग के लिये 500 रूपये, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिये 450 रूपये रखा गया है। डॉ. त्यागी ने बताया कि इसमें गाय में जर्सी, गिर, साहीवाल एवं भैंस में मुर्रा नस्ल का सीमन सभी विकासखण्ड मुख्यालयों के पशु चिकित्सालयों में उपलब्ध है। पशुपालक जो पशु चिकित्सालय, पशु औषधालय से तीन कि.मी. की दूरी पर निवास करते है, वे टोलफ्री नंबर 1962 पर फोन करके घर पहुंच सेवा (150 रूपये शुल्क) का लाभ ले सकते है। डॉ त्यागी ने पशुपालकों से अनुरोध किया है कि वे सीमन द्वारा कृत्रिम गर्भाधान करवाकर योजना का लाभ उठायें।

## अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति नवीनीकरण प्रकरणों में 50 प्रतिशत अंकों में छूट

**मुरैना।** भारत सरकार द्वारा प्री मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक एवं मेरिट कम मीन्स छात्रवृत्ति अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति नवीनीकरण प्रकरणों में 50 प्रतिशत अंको की अनिवार्यता से छूट दी गई है। सभी शैक्षणिक संस्थाओं के नोडल अधिकारी विद्यार्थियों के आवेदनों का भौतिक सत्यापन करें, जिन विद्यार्थियों द्वारा वार्षिक आय 10 हजार रूपये से कम भरी गई है, तो शैक्षणिक संस्थायें संदिग्ध की स्थिति में सूक्ष्मता से परीक्षण करना अनिवार्य रूप से करें। किसी भी प्रकार की फर्जी या पात्रता न रखने वाले विद्यार्थी का आवेदन यदि शैक्षणिक संस्था द्वारा अग्रिम चरण के लिये अग्रेषित किया जाता है तो इसकी पूर्ण जबावदारी संबंधित जिलाधिकारी की होगी।

# जनता का सत्याग्रहः जब तक आवास व पट्टे जारी करने का लिखित आश्वासन नहीं, जारी रहेगा आन्दोलन

**कैलारस।** नगर में लगभग एक हजार परिवार ऐसे हैं। जिनके पास रहने के लिए आवास नहीं है। विगत 4 वर्षों से राजनेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिए जा रहे हैं। लेकिन अभी तक आवास स्वीकृत नहीं किए गए हैं और ना ही शासकीय भूमि पर पीढ़ियों से काबिज परिवारों को आवास के पट्टे दिए गए हैं। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के साथ आम जनता ने पूर्व में भी आंदोलन किए हैं। इसी क्रम में आज पुनः नागरिकों ने एकत्रित होकर 4 सूत्रीय मांग पत्र मुख्य नगरपालिका अधिकारी के नाम एलडीसी लक्ष्मण नामदेव को दिया गया, जिस पर उन्होंने कार्यवाही का आश्वासन दिया है। लेकिन मौके पर मौजूद आन्दोलनकारियों ने यह घोषणा की है कि, जब तक आवास नहीं मिलेंगे व पट्टे नहीं मिलेंगे और कार्यवाही के संबंध में लिखित आश्वासन नहीं मिलेगा, तब तक हमारा सत्याग्रह लगातार जारी रहेगा। हम प्रतिदिन दोपहर नगर परिषद कार्यालय पर आकर सत्याग्रह करते हुए अपना ज्ञापन प्रस्तुत करेंगे। जिसमें सभी आवासहीनों को आवास देने, आवास के पट्टे देने, किराए से रह रहे परिवारों को भूमि आवंटित करवा कर मकान बनाकर देने और जिनके आवेदन प्रस्तुत होने से रह गये हैं। उन्हें आवेदन प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करने की मांग है। यह सत्याग्रह लगातार जारी रहेगा। आज के प्रदर्शन व ज्ञापन कार्यक्रम का नेतृत्व माकपा के नेता पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अशोक तिवारी, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष व नगर सचिव माकपा राजेश गुप्ता, एसएफआई के प्रांतीय सचिव राजवीर सिंह धाकड़, स्थानीय संयोजक बॉबी धाकड़, पूर्व पार्षद इब्राहिम शाह, रामबाबू शाक्य, नरेश जाटव, शोभाराम, श्रीमती सुमन कर्ण राजपूत, श्रीमती छोटी बाई, श्रीमती सुमन श्रीवास आदि ने किया।



# पूर्व सीएम कमलनाथ का कांग्रेश ने मनाया जन्मदिन



**मुरैना।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर सैकड़ो कांग्रेसियों ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का जन्म दिवस धूमधाम से केक काटकर मनाया और इस अवसर पर लोगों को फल, मिष्ठान, बिस्किट वितरण कर उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं पुनः मुख्यमंत्री बनने की कामना की। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक सिंह भदोरिया, जसवीर गुर्जर, गौरी शंकर कुशवाह, विनोद शर्मा, प्रमोद शर्मा हुसैनपुर, कौशल पंडित, जितेंद्र डंगस, बह्लू दंडोतिया, सौरभ मिश्रा, सौरव सोलंकी, गौरव बाथम, किशन पंडित, नरेश यादव, अनिल गुर्जर, पवन यादव, बृजेश कुमार, भूरा, संदीप आदि उपस्थित थे।

## सचिन गुर्जर ने दोंनो वैक्सीनेशन के टीके लगवाये

**मुरैना।** ग्राम पंचायत कैमरा के सचिन गुर्जर जो कोविड वैक्सीन से घबराते थे। वैक्सीन लगवाने के नाम पर डरते थे। अब उन्होंने ग्राम पंचायत के सुपरवाइजर रामकिशोर और आशा कार्यकर्ता श्रीमती सीमा गुर्जर की समझाईश पर दोंनो वैक्सीन के टीके लगवा लिये है। आशा कार्यकर्ता और सुपरवाइजर ने सचिन गुर्जर को समझाईश दी कि वैक्सीन के दोंनो डोज लगने पर ही कोरोना की बीमारी नहीं होगी। सचिन गुर्जर का कहना था कि मैंने 84 दिन पूर्व प्रथम डोज लगवा लिया है। मुझे वैक्सीन से डर लगता है। इस पर दोंनो कार्यकर्ताओं ने उसे समझाईश दी कि घबराने की बात नहीं है, अगर कोविड की बीमारी को दूर रखना है तो दूसरा डोज अनिवार्य लगवाना होगा। सुपरवाइजर और आशा कार्यकर्ता के कहने पर सचिन गुर्जर ने दूसरा वैक्सीन का टीका लगवा लिया है।

# वैक्सीन की दोनो डोज जरूर लगवाएं, चलाया जन जागरण अभियान

### -म.प्र.शिक्षक कांग्रेस की कर्मचारियों से पुरजोर अपील

**मुरैना।** कोरोना संक्रमण भले ही कम हो गया हो, लेकिन अभी भी इसका खतरा खत्म नहीं हुआ है ऐसे में म.प्र.शिक्षक कांग्रेस ने जिले के कर्मचारियों से अपील की है कि कोरोना से पूरी सुरक्षा के लिए दोनों डोज जरूर लगवाएं। साथ ही कोरोना वैक्सीन के लिए जन जागरण अभियान चलाकर घर-घर जाकर लोगों को जागरुक कर वैक्सीन लगाने का आव्हान किया। म.प्र.शिक्षक कांग्रेस के जिला महामंत्री कौशल शर्मा ने कहा कि विश्वभर के वैज्ञानिकों तथा विशेषज्ञों के द्वारा कोरोना की तीसरी लहर की संभावना व्यक्त की जा रही है। इसको ध्यान में रखकर हम सभी की सजगता आवश्यक है। उन्होंने जिलेभर के कर्मचारियों से वैक्सीन का दूसरा डोज लगवाने की अपील की है। कोरोनारोधी वैक्सीन लगने के बाद शरीर में संक्रमण के प्रति प्रतिरोधक क्षमता विकसित हो जाती है। जिससे कोरोना संक्रमण से होने वाले दुष्प्रभावों को प्रभावी रुप से कम किया जा सकता है। हमें अपनी व अपने परिवार की सुरक्षा के लिए कोरोनारोधी वैक्सीन अनिवार्य रूप से लगवानी चाहिए। साथ ही आपके ग्राम पडोस सभी को टीके लगवाने के लिए भी प्रेरित करें। तभी हम इस भीषण महामारी से बच सकते है। विशेषज्ञों की राय है कि कोविड से पूरी सुरक्षा के लिए वैक्सीन की दोनों डोज लेना जरूरी है। इसलिए बिल्कुल लापरवाही न बरतें। कोविड पर काबू पाने के लिए वैक्सीन की दूसरी डोज लेना अत्यंत जरुरी है। अपील करने वालों में सुरेश पाठक,योगेन्द्र शुक्ला, जितेन्द्र यादव, संजय सिकरवार, ओतार प्रजापति, अवध किशोर त्यागी, राकेश शर्मा, नमोकार जैन, रामनाथ प्रजापति, मुकेश त्यागी, लोकेन्द्र सिकरवार, दिलीप त्यागी, संजय जैन, निवेश सिकरवार, देवेन्द्र रावत, बारेलाल शाक्य, इंतजार खान, रवि वशिष्ठ, सतीस गौढ आदि कर्मचारियों ने अपील की है।



## महाअभियान में पोरसा सीएमओ द्वारा लापरवाही पर कारण बताओ नोटिस

**मुरैना।** शासन द्वारा 17 नवम्बर को कोविड वैक्सीनेशन महाअभियान का आयोजन पूरे जिले में किया गया था। अभियान का लक्ष्य पूर्ण करने के लिये जिले के समस्त जनपद सीईओ, सीएमओ को दिया था। जिसमें पोरसा सीएमओ अमजद गनी को 7 हजार का लक्ष्य दिया था। अमजद गनी द्वारा 17 नवम्बर को कोविड वैक्सीनेशन के द्वितीय चरण में मात्र 585 लोगों को वैक्सीनेशन कराया। जो मात्र 8.36 प्रतिशत रहा। यह स्थिति अब्दुल गनी द्वारा ठीक नहीं की गई। इसे जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोशन कुमार सिंह ने गंभीरता से लेते हुये अब्दुल गनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस का जबाव 3 दिवस के अंदर चाहा गया है।

# राष्ट्रीय शिशु सप्ताह का आयोजन किया गया



**मुरैना।** जिला चिकित्सालय के एसएन.सी.यू. के विजिटिंग हाल में राष्ट्रीय शिशु सप्ताह का आयोजन संभाग से आये श्री नीतेश और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एडी शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें बताया गया कि 15 से 21 नम्बर तक नवजात शिशु सुरक्षा, गुणवत्ता एवं पोषण का जन्मजात अधिकार सप्ताह मनाया जायेगा, जिसमें बच्चे की डिलेवरी के समय ही अच्छी तरह से देखभाल हो, जैसे डिलेवरी के बाद स्तनपान कराना भी और बच्चे की सफाई का ध्यान रखना, दूध पिलाना एवं हाथ धोने के बारे में स्टेप बाई स्टेप बताया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शर्मा ने बताया कि ब्लॉक एक सामुदायिक स्तर तक बच्चों की देखभाल करने के लिये हमने सिस्टरों को प्रशिक्षित किया है कि छुटटी होने के बाद भी मां को समझायें कि नाल पर 14 दिन तक कुछ न लगायें, स्तनपान कराने के बाद बच्चे को कंधे से लगाकर दुलार दिलायें, ठंड से बचने के लिये कंगारू मदर कियर दिया जाये। इसे मां, पिता, दादी कोई भी दे सकता है। डॉ. विकास शर्मा ने बताया कि 15 से 21 नंवबर तक की थीम में हम प्रतिदिन वार्ड में भर्ती बच्चे की माताओं को जानकारी देंगे। इस अवसर पर डॉ. अजय गोयल डीआईओ, एस.पी. श्रीवास्तव, डी.पी.एम, सिविल सर्जन डॉ. विनोद गुप्ता, आर.एम.ओ डॉ धर्मेन्द्र गुप्ता, डिप्टी मीडिया ऑफिसर रामलली माहौर, मेटर्न मीना डेकाटे, वार्ड इंचार्ज मीना चौधरी, रागनी चौहान, सुमन राठौर एवं समस्त स्टाफ नर्स उपस्थित थीं।

# सीएम हेल्पलाइन में मुरैना की ग्रेडिंग टॉप–5 में रहे: सीईओ

### 11 लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ वेतन काटने एवं कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश



**मुरैना।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोशन कुमार सिंह ने बुधवार को नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने बताया कि प्रदेश स्तर से 20 नवम्बर को सीएम हेल्पलाइनों की ग्रेडिंग जारी की जायेगी, जिसमें मुरैना जिले की स्थिति टॉप-5 के जिलों में रहे। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये है कि सीएम हेल्पलाइन सर्वोपरि है, अन्य कार्यो से अलावा सीएम हेल्पलाइनों को अधिकारी प्राथमिकता दें। कई अधिकारियों को निर्देश देने के बावजूद भी उनके द्वारा सीएम हेल्पलाइन में कोई रूचि नहीं ली गई है, ऐसे 11 अधिकारियों का वेतन काटने एवं कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये है। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर नरोत्तम भार्गव, नगर निगम कमिश्नर सहित अन्य संबंधित अधिकारी गूगल मीट के माध्यम से जुड़े हुये थे। जिला पंचायत के सीईओ श्री सिंह ने कहा कि कैलारस तहसीलदार को एक दिन पूर्व सीएम हेल्पलाइन को निराकरण के लिये लक्ष्य दिया गया था, किन्तु उनके द्वारा कोई रूचि नहीं ली गई, इसलिये तहसीलदार भरत कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही सीएमओ पोरसा अब्दुल गनी ने भी संतोषजनक सीएम हेल्पलाइन का निराकरण नहीं किया, उनको भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश पीओ डूडा को दिये। जौरा सीएमओ बालकृष्ण गौरव द्वारा सीएम हेल्पलाइन का निराकरण लक्ष्य के अनुरूप नहीं किया गया है, इनको कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इसके अलावा डीआरसीएस सीपीएस भदौरिया, जीएमसीसीबी रामवीर सिंह, लेवर इंस्पेक्टर यतेन्द्र भदौरिया, उच्च शिक्षा के प्राचार्य छोटेलाल, डीएसओ भीकम सिंह तोमर को कारण बताओ नोटिस जारी तथा जेएसओ पोरसा, जौरा, अम्बाह का एक-एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये है। जिला सीईओ ने कहा कि अगले 24 घंटों में सीएम हेल्पलाइन कम नहीं हुई तो ऐसे अधिकारियों के खिलाफ निलंबन से कम कार्यवाही नहीं होगी।

# कृषि विज्ञान केन्द्र, बालाघाट राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ**
**पुष्पांजली टुडे**

**बालाघाट ।** कृषि विज्ञान केन्द्र, बालाघाट जिले की कृषि को उतरोत्तर प्रगति के शिखर पर ले जाने के लिये लगातार कार्य कर रहा हैं। केन्द्र के इन प्रयासो से विगत वर्ष जिले के दो किसान विशाल कटरे परसवाड़ा एवं जियालाल राहंगडाले बगड़मारा को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कारों से अलंकृत किया गया था। इसी कड़ी में कृषि विज्ञान केन्द्र, बालाघाट को देश के प्रथम राष्ट्रीय पुरस्कार ''कृषि अलर्ट 2021'' से नवाजा गया।

कृषि अलर्ट अवार्ड 2021 का आयोजन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् नई दिल्ली, राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान (मैनेज) हैदराबाद एवं कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपिडा) भारत के सरकार के संयुक्त तत्वाधान में देश की कृषि अनुदान बनाने वाली प्रमुख कम्पनियों अपोलो टायर, एफ.एम.सी, ए.सी.ई. (।ब्), बायर, टैफे, कृषक हाट आदि के विषेष प्रयासों से वर्चुअल माध्यम से आयोजित किया गया था। पुरस्कारों हेतु देश के सभी के.व्ही.के. एवं एफ.पी.ओ. से प्रविष्ठियां मंगाई गयी थी जिसमें कृषि विज्ञान केन्द्र, बालाघाट को जिले में कृषि नविनीकरण को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय योगदान हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार से अंलकृत किया गया।

पुरस्कार प्रदान करने हेतु चयन समिति के प्रमुख डॉ. ए.के. सिंह, उपमहानिदेषक (कृषि प्रसार) आई.सी.ए.आर. नई दिल्ली एवं जूरी सदस्य डॉ. पी. चन्द्रषेखर, महानिदेषक (मैनेज) हैदराबाद, डॉ. सुधांषु (एपिडा), श्री युद्धवीर सिंह चौधरी (भारतीय किसान यूनियन), पदमश्री श्री भारत भूषण त्यागी द्वारा प्राप्त आवेदनों का अवलोकन कर विजेताओं का चयन किया। वर्चुअल मोड में आयोजित पुरस्कार समारोह में केद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. आर.एल. राऊत द्वारा पुरस्कार गृहण किया गया। पुरस्कार स्वरूप 1100/- रूपयें की




राषि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा। डॉ. राऊत ने बताया की पुरस्कार प्राप्त करने में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों डॉ. एस.आर. धुवारे, डॉ. एस.के. जाटव, डॉ. मुरलीधर इंगले, डॉ. रमेष अमूले, सुश्री अंजना गुप्ता, श्री धर्मेन्द्र आगाषे, जितेन्द्र नगपुरे आदि द्वारा किया गया सतत प्रयास का परिणाम हैं। कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रमुख डॉ. राऊत ने इस पुरस्कार हेतु कुलपति डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन, जवाहरलाल नेहरू कृषि विष्वविद्यालय, जबलपुर के सतत मार्गदर्षन, डॉ. डी.पी. शर्मा, संचालक विस्तार सेवायें, जवाहरलाल नेहरू कृषि विष्वविद्यालय, जबलपुर एवं डॉ. एस.आर.के. सिंह, निदेषक कृषि तकनीक अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, आई.सी.ए.आर. जोन-9, जबलपुर के निर्देषन हेतु आप सभी का धन्यवाद एवं आभार ज्ञापित किया जिनके सफल मार्गदर्षन में इस अवार्ड का नामिनेषन संभव हो सका। साथ ही केन्द्र द्वारा इस राष्ट्रीय अवार्ड को जिले कृषि से जुड़े अन्य विभागों कृषि विभाग, कृषि अभियांत्रिकी, उद्यानिकी विभाग एवं जिले के सभी कृषकों समर्पित किया जिनकी खेती के प्रति समर्पण के परिणाम स्वरूप यह पुरस्कार प्राप्त हुआ।

## सापुनी में 65 वीजिला स्तरीय छात्र छात्राओं को खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**पुष्पांजली टुडे**
**नेनाराम सिरवी**



**पाली।** समीपवर्ती गांव सापुनी में गुरुवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में 65 वी जिला स्तरीय छात्र छात्रा खो-खो खेलकूद प्रतियोगिता 2021 के समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत के सानिध्य में सरस्वती वंदना के साथ शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में 29 टीमों ने भाग लिया विधायक कुमावत ने ध्वजारोहण कर सभी टीमों के दल प्रभारी से परिचय करते हुए शुभारंभ किया । उन्होंने कहा की खेल को खेल की भावना से खेलें हारने वाली टीम को हताश होने की जरूरत नहीं है वह अपने प्रदर्शन पर चिंतन करें कि हममें क्या कमी रह गई वह अगले मैच उसका सुधार करें । जीतने वाली टीम को उत्साहित जरूर रहती है लेकिन उनका उत्साह में संतुलन बनाए रखें। प्रतियोगिता की अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विजेंद्रसिंह चौहान ने की । भामाशाहों द्वारा प्रतियोगिता में व्यवस्था के लिए सहयोग किया । इस मौके पाली प्रधान मोहनी देवी पुखराज पटेल ,जिला परिषद सदस्य दुर्गा सीरवी, स्थानीय सरपंच राधा चौधरी, छोगाराम चौधरी, टेवाली सरपंच जोगाराम कुमावत , मोहनलाल पटेल सरपंच हेमावास, पूर्व मंडल अध्यक्ष उम्मेदसिंह डेंडा अमराराम चौधरी, कुपाराम चौधरी ,ऋक्ष सीबीईओ, प्रधानाचार्य पीईईओ कुमुद शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## वन-टू-वन

### भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष श्यामू युवा नेता सुकर्ण मिश्रा से मिलने उनके बंगले पर पहुंचे



**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**दतिया ।** भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष श्यामू ठाकुर मध्य प्रदेश सरकार के यशस्वी गृह मंत्री माननीय डॉ नरोत्तम मिश्रा के सुपुत्र सेवड़ा के लाडले भांजे डॉक्टर सुकर्ण मिश्रा से मिलने दतिया के राजघाट कॉलोनी में स्थित बंगले पर पहुंचे और उन्होंने सेवड़ा संनकुआ धाम तीर्थ स्थल है यहां ब्रह्माजी के मानस पुत्र श्री सनक, सनंदन, सनातन, सनत कुमार ने यहा तपस्या की थी इसे 68 तीर्थों का भांजा कहा जाता है। जो कि संनकुआ के नाम से विख्यात है। यहां पर दूर-दूर से लोग दर्शन करने ,कावर भरने आते हैं वहां 25 दिसंबर को आयोजित अटल सेवा दिवस कार्यक्रम के लिए आमंत्रण दिया जिसे गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा के सुपुत्र सुकर्ण मिश्रा जी ने स्वीकार किया और कहां आप सेवड़ा विधानसभा क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहे हैं चाहे वृद्ध जनों का सम्मान हो या बाढ़ आपदा आपने अच्छा काम किया है इस मौके पर पुनीत पाठक सुनील गुप्ता निर्देश सविता रवि सोनी आदि उपस्थित रहे ।

### युवा टीम के सदस्यों ने दिया जरूरतमंदों को रक्तदान



**राकेश परिहार रिपोर्टर**
**पुष्पांजली टुडे**

**पिछोर,** शिवपुरी जिला चिकित्सालय में रक्त की आवश्यकता को लेकर इधर उधर भटक रहे परिजनों को रक्त उपलब्ध कराने की जानकारी मिलने पर करौली कॉलोनी निवासी युवा समाजसेवी एमडी गुर्जर के द्वारा अपने युवा साथियों को सूचित किया और और अस्पताल पहुंच कर रक्तदान किया एमडी गुर्जर युवा टीम की अनोखी पहल से जरूरतमंदों को समय समय पर रक्त उपलब्ध कराया जाता है एंड रक्त दाताओं में धर्मेंद्र सिंह चंदेल दुर्गेश कुशवाहा साहब सिंह जाटव रहे शामिल रहे जिन्होंने जिला अस्पताल जरूरतमंदों को रक्तदान कराया जिन परिवारों को रक्त दिया गया उन परिवारों ने इन तीनों का आभार व्यक्त किया।

### मां कंकाली का भव्य मंदिर का निर्माण लगभग पूर्ण

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



पन्ना बनौली मां कंकाली स्वरूप एवं जगदंबा मां कंकाली जी की असीम कृपा से बनौली में भव्य मंदिर का आयोजन एवं मंदिर को पुनर्निर्माण बनाने की तैयारी जोर जोरों पर चल रही थी उसको पूर्णता- करीबन करीबन पूर्ण होती हुई दिख रही है पूर्णता में माननीय पवई विधायक जी के प्रयासों से एवं ग्राम जनों के लगन और मेहनत का फल है कि मंदिर पूर्ण कगार पर दिख रहा है इसका पूर्ण सहयोग पवई जनपद के प्रयासों से सभी ग्रामों के सचिव को सहयोग के लिए कई बैठकों को भी संपन्न कराया और उनके प्रयास रंग लाई जो आज मां कंकाली मंदिर पूर्ण निर्माण होते हुए देखा जा रहा है।

## 110000 दस हजार रूपये का 24 घण्टे के अन्दर बरामद कर चोरी करने वाले आरोपी को किया गिरफतार

**हरिओम परिहार रिपोर्टर**
**पुष्पांजली टुडे**



**रन्नौद ।** बीती रात मंगलवार-बुधवार की देर रात्रि कस्बा रन्नौद मे अज्ञात चोरों ने चोरी की श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर मे से लक्ष्मीजी, नारायण भगवानजी, राधाजी, कृष्णजी, नरसिंह भगवान की मूर्तिया लगभग ढाई सो साल पुरानी अष्ट धातु की कुल बजन करीब 4 किलो ग्राम एवं छोटी मूर्तिया पीतल की लड्डू गोपालजी मूर्तिया 2, नारायण जी 1, गोल कलस वाली लक्ष्मी जी की मूर्ति. 1, पंच पात्री.1, दीपक .2, पीतल का घण्टा .1, छोटी घंटी .1, सामान बजन करीबन 11 किलो 500 ग्राम की चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट फरियादी द्वारा दिनांक 17/11/21 को थाना रन्नौद मे की थी जिस पर से अपराध क्रमांक 177/21 धारा 457,380 भादवि का कायम कर विवेचना मे लिया गया । अपराध की गम्भीरता को देखते हुये पुलिस के मार्गदर्शन तथा दिशा जांच पड़ताल निर्देशन में थाना प्रभारी रन्नौद अंशुल गुप्ता द्वारा मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया व विश्वसनीय मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि उक्त घटना को अंजाम देने वाला जाटव मौहल्ला रन्नौद मे खडा है। उक्त सूचना पर से पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर आरोपी को पुलिस अभिरक्षा मे लिया गया व चोरी गई सम्पत्ति के बारे मे पूछताछ की तो जुर्म स्वीकार कर आरोपी ने अपने घर के अंदर गेहूँ की टंकी में से चोरी किये गये लक्ष्मी जी, नारायण भगवान जी, राधाजी, कृष्णजी, नरसिंह भगवान की मूर्तिया लगभग ढाई सो साल पुरानी अष्ट धातु की छोटी मूर्तिया पीतल की लड्डू गोपाल जी मूर्तिया 2, नारायण जी. 1, गोल कलस वाली लक्ष्मी जी की मूर्ति. 1, पंच पात्री.1, दीपक .2, पीतल का घण्टा .1, छोटी घंटी .1, समई .1 बड़ी को निकाल कर पेश किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया थाना प्रभारी अंशुल गुप्ता जी की बहुत ही बड़ी भूमिका रही 24 घंटे के अंदरअपराधी को पकड़ कर के कब्जे से कुल चोरी गये मशरूका कीमती करीबन 110000 रूपये का बरामद किया गया। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी रन्नौद अंशुल गुप्ता, प्र.आर. सरदार सिंह, आर.राजवीर सिंह, आर.केदारीलाल, आर ऊधम।

## भूख हड़ताल के बाद किसानों को मिला खाद



**पुष्पांजली टुडे**

**दिनारा-** खबर दिनार क्षेत्र के डाक बंगला रोड के पास स्थित चौधरी बीज भंडार से आ रही है जहां पर आज किसानों खाद वितरण किया गया आपको बता दें की लगभग 2 दिन पहले कांग्रेसी नेता दिनारा ब्लॉक अध्यक्ष रुपेंद्र यादव जी और उनके साथियों ने मिलकर किसानों की खाद समस्या को लेकर भूख हड़ताल की थी और कहा था जब तक किसानों की खाद की समस्या का निवारण नहीं किया जाता तब तक हम भूख हड़ताल को निरंतर जारी रखेंगे तत्पश्चात करैरा एसडीएम ने कांग्रेसी नेता और सहयोगियों को आश्वासन दिया की जल्द से जल्द किसानों की खाद की समस्या का निवारण किया जाएगा और मौके पर उपस्थित किसानों को खाना खिला कर भूख हड़ताल को बंद कराया। करैरा एसडीएम के आश्वासन के बाद आज दिनांक 18/11/2021 को चौधरी बीज भंडार पर किसानों की खाद की समस्या का निवारण किया गया और जो खाद किसानों को बाजार से 1500 रुपए की रेट में मिल रहा है वह आज एसडीएम, नायब तहसीलदार और थाना प्रभारी की उपस्थिति में 1200 रुपए में सभी किसानों को खाद मुहैया कराया गया । मौके पर उपस्थित दिनारा थाना प्रभारी संतोष भार्गव ने शांतिपूर्ण तरीके से किसानों के खाद का वितरण कराया गया और आगे से ऐसी समस्याओं को ना पैदा उस चीज का आगे से अच्छी तरह से ध्यान रखा जाएगा ।



## नगर अमानगंज में संपन्न हुआ भंडारे का आयोजन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**पन्ना ।** अमानगंज के वार्ड नंबर 14 में कन्या भोज एवं भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें समस्त वार्ड वासी उपस्थित होकर 24 घंटे की अखंड राम धुन एवं रामायण का आयोजन किया गया इस रामायण में श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया धूराम चौधरी ने बताया कि समस्त वार्ड वासियों ने सरस्वती माता मंदिर परिसर में 24 घंटे का आयोजन किया जिसमें हम लोगों ने भंडारा करवाया और 24 घंटे की अखंड रामायण के पाठ किए जिसमें राम नाम के पाठ यह आयोजन संपन्न हुआ जिसमें हम लोगों ने समस्त नगर के कन्याओं को बुलाकर कन्या भोज करवाया इस कन्या भोज में समस्त लोगों के सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न किया गया और हम लोग आशा करते हैं।

## सफाई कर्मचारियों का शोषण बंद करेंःएडवोकेट संजय वाल्मीकि

**ईपीएफ कटौत्रा एवं न्यूनतम मजदूरी दर से वेतन का भुगतान किये जाने की संगठन ने माँग की**

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**पलेरा।** नगर परिषद पलेरा में सफाई कर्मचारीयों की समस्यायों के निराकरण के लिए राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन के बैनर तले नगर परिषद पलेरा के सफाई कर्मचारीयों सफाई कामबंद हड़ताल कर धरना प्रदर्शन किया। इस मौके पर यूनियन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट गुडडू संजय वाल्मीकि ने बताया है कि नगर परिषद पलेरा में सफाई कर्मचारीयों को 4000 रूपये वेतन का भुगतान किया जा रहा है जबकि श्रम विभाग मध्यप्रदेश शासन एवं कार्यालय कलेक्टर टीकमगढ़ द्वारा जारी न्यूनतम मजदूरी दर 8800 रूपये है तथा सफाई कर्मचारियों को कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम के तहत ईपीएफ कटौत्रा नहीं किया जा रहा है इस सम्बन्ध में समस्यायों के निराकरण के लिए यूनियन एवं सफाई कर्मचारीयों द्वारा सीएमओ एवं अन्य अधिकारियों को ज्ञापन के माध्यम से पूर्व में अवगत कराया गया। लेकिन निकाय प्रशासन पलेरा के अधिकारियों की लापरवाही के कारण आज दिनांक तक सफाई कर्मचारीयों की समस्यायों का निराकरण नहीं हो पाया, जिससे सफाई कर्मचारीयों में रोष व्याप्त हो गया तथा सभी सफाई कर्मचारी एवं यूनियन के पदाधिकारी सफाई कामबंद कर हड़ताल चले गए तथा धरना प्रदर्शन किया, पलेरा तहसीलदार एवं प्रशासक अवंतिका तिवारी ने हड़ताल पर पहुंचकर सफाई कर्मचारीयों की समस्यायों का 15 दिन में निराकरण करने के सीएमओ इम्तियाज हुसैन खान को निर्देश दिए , सीएमओ ने समस्यायों का 15 दिन में निराकरण करने का लिखित में आश्वासन दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री वाल्मीकि कहा है अगर सफाई कर्मचारीयों की समस्यायों का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया तो सफाई कर्मचारी वर्ग पुनः हड़ताल पर जाने पर मजबूर होंगे जिसकी सम्पूर्ण जबावदारी निकाय प्रशासन पलेरा एवं जिला प्रशासन टीकमगढ़ की होगी। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव रूपेश पाथरे, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रवि वाल्मीकि नगर अध्यक्ष मुन्ना लाल, रामबाबू आदि सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

## युवा नेता के निवास पहुंचे पूर्व संगठन मंत्री व जिलाध्यक्ष, हुआ भव्य स्वागत

**युवा नेता की सक्रियता से हो सकता क्षेत्रीय राजनीति में बदलाव**

**दबोह( अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व संगठन मंत्री आशुतोष तिवारी अपने दबोह दौरे के दौरान दबोह नगर के भाजपा मंडल महामंत्री युवा नेता राव साहब गुर्जर के निज निवास पहुंचे।इस दौरान उनके साथ भिंड भाजपा के जिलाध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर भी मौजूद रहे।दबोह आगमन पर राव साहब गुर्जर समेत भारतीय जनता पार्टी के नेताओ ने पुष्प माला पहना कर नेताओ का भव्य स्वागत किया।यहां बता दें कि पूर्व संगठन मंत्री व जिलाध्यक्ष अपने अल्प प्रवास पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष पूर्व ग्वालियर चंबल संभाग प्रभारी व वर्तमान मण्डल महामंत्री राव सहाव गुर्जर दबोह के परिवार जनों से भेंट वार्ता करने पहुचे।इस दौरान भाजपा के पूर्व सगंठन मंत्री व जिलाध्यक्ष का युवा नेता के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया।साथ ही पूर्व संगठन मंत्री ने सभी कार्यकर्ताओं से पार्टी को लेकर बिस्तृत चर्चा की।इस दौरान नगर महामन्त्री



राव साहब गुर्जर ने पूर्व संगठन मंत्री व जिलाध्यक्ष को पगड़ी पहना कर शॉल,श्रीफल व मां रणकौशला देवी की तस्वीर भेंट की।उल्लेखनीय रहे कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा जब से युवा नेता राव साहब गुर्जर को जिमेदारी दी गई तबसे दबोह मण्डल में भारतीय जनता पार्टी में मजवूती दिखने लगी है जिससे यह स्पष्ट है कि युवा नेता की सक्रियता के चलते क्षेत्रीय राजनीति में बड़ा बदलाव भी हो सकता है।साथ ही दबोह नगर में भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेताओं का आने जाने का सिलशिला लगातार जारी है जिससे दबोह मण्डल के भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं में एक नई ऊर्जा का संचार हो रहा है।जिससे देखा जाए तो आने बाले समय मे पार्टी को मजवूती मिलेगी।इस दौरान उनके निवास पर कई वरिष्ठ कार्यकर्ताओ के साथ युवा नेता मौजूद रहे।

## नगर परिषद गुनौर में विकास की ओर

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



पन्ना नगर परिषद गुनौर नगर परिषद गुनौर को नगर परिषद का दर्जा मिला है इसके पहले ग्राम पंचायत लिस्ट में मैं दर्ज था लेकिन इस नगर परिषद का दर्जा मिलते ही नगर के लोगों में हर्ष उल्लास देखने को मिला और इसमें लोगों को एक विश्वास हुआ कि अब गुनौर का विकास होगा जिसमें नगर परिषद गुनौर का सीएमओ एसएस तिवारी को दिया गया जिसमें सीएमओ के प्रयासों से नगर को विकास की ओर ले जाते हुए और ऐसी कई सौगात हैं जो मुख्य नगरपालिका अधिकारी के प्रयासों से नगर गुनौर को मिली ऐसा नहीं है कि गुनौर को पन्ना जिला तो दूर मध्यप्रदेश में भी जाना जाता है गुनौर क्योंकि यह गुनौर विधानसभा जो पन्ना जिले की एक विधानसभा है बस उस विधानसभा पर कई नेताओं के प्रश्न चिन्ह लगे हुए थे लेकिन उस प्रश्नचिन्ह को हटाते हुए ग्राम पंचायतों की लिस्ट से हटाते हुए नगर परिषद की लिस्ट में गुनौर का दर्जा दिया गया जो आज एक से एक विकास वार्ड से लेकर मुख्य मार्गों में देखने को मिल रहा है ऐसा प्रयास मुख्य अधिकारी एसएस तिवारी के प्रयासों से आज नगर की जनता भी खुश नजर आ रही है नगर परिषद को कचरा वाहनों की सौगातें जो कचरा का ढेर लगा हुआ था वहां पर कचरे गाड़ी से कचरा समेटा जा रहा है और मुख्य मार्गों पर स्टेज लाइटों का निर्माण जिससे नगर में आते ही नगर को विकास की ओर देखता हुआ दिखाई दे रहा है।

### 26 नवंबर को इंदौर में मेट्रो कॉरिडोर के निर्माण का भूमिपूजन

# रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से कनेक्ट होगी भोपाल मेट्रो

**भोपाल।** रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के उद्घाटन के साथ ही अब भोपाल और इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट ने रफ्तार पकड़नी शुरू कर दी है। भोपाल मेट्रो को सीधे वर्ल्ड क्लास रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से कनेक्ट किया जाएगा। स्टेशन से ही सीधे मेट्रो की सुविधा आम जनता ले सकेगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 26 नवंबर को इंदौर में मेट्रो कॉरिडोर के निर्माण का भूमिपूजन करेंगे। भोपाल में भी तेजी से पहले रूट का काम चल रहा है।

2018 में भोपाल और इंदौर में मेट्रो प्रोजेक्ट शुरू हुआ था. साल 2022 तक इस प्रोजेक्ट को पूरा करना था. लेकिन, अब इसे पूरा करने के लिए अगस्त 2023 तक का लक्ष्य रखा गया है. भोपाल



मेट्रो प्रोजेक्ट की कुल लागत 6 हजार 941 करोड़ और इंदौर मेट्रो रेल प्रोजेक्ट की कुल लागत 7 हजार 580 करोड़ है.

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवंबर को रानी कमलापति रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया. ठीक उसके सामने से ही मेट्रो की लाइन निकली है. काम तेजी से किया जा रहा है. पिलर का काम लगभग पूरा हो चुका ह। उसके ऊपर स्लैब लगने का काम चल रहा है। इस स्लैब से मेट्रो रेलवे स्टेशन से कनेक्ट हो जाएगी।

इस तरह जो व्यक्ति रेल यात्रा करके भोपाल में किसी स्थान पर जाना चाहता है तो वह सीधे स्टेशन से ही मेट्रो पकड़ सकता है. मेट्रो का रूट अभी एम्स से ओल्ड सिटी के करोंद को कनेक्ट करता है. आगे चलकर यह कनेक्टिविटी दूसरे रूट पर भी बढ़ेगी।

मेट्रो से व्यक्ति सीधे रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगा. इससे यात्री को पहले से ज्यादा सुविधा मिलेगी और उसका समय भी बचेगा।

#### भोपाल में मेट्रो का नाम राजा भोज के नाम से

एमपी नगर में गायत्री मंदिर के पास भोपाल मेट्रो के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस के तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा था कि मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल की ये मेट्रो भोज मेट्रो के नाम से जानी जाएगी. मुख्यमंत्री का संबोधन खत्म होते ही भोपाल के तत्कालीन महापौर आलोक शर्मा ने मेट्रो का नाम राजा भोज के नाम पर किए जाने का धन्यवाद किया था. उस दौरान कार्यक्रम में धन्यवाद भाषण के लिए मंच पर आए कांग्रेस विधायक आरीफ मसूद ने मुख्यमंत्री की ओर देखते हुए कहा था कि दादा भाई राजा भोज के नाम से कई काम हो चुके हैं और हो रहे हैं. इसलिए मेट्रो प्रोजेक्ट का नाम भोपाल मेट्रो ही रहने दिया जाए।

#### ये होंगे स्टेशन

भोपाल में पहला रूट 14.19 और दूसरा रूट 12.88 किलोमीटर का होगा. सबसे पहले एम्स से करोंद रूट पर तेजी से काम चल रहा है. भोपाल में मेट्रो के कुल 6 रूट होंगे. दूसरा भदभदा से रत्नागिरी तिराहा रूट पर भी जल्द काम शुरू होगा। एम्स से करोंद रूट- पर्पल लाइन नाम के इस रूट पर दो स्टेशन अंडरग्राउंड रहेंगे. मेट्रो का रूट भोपाल रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड के नजदीक से गुजरेगा. यहां मेट्रो का ट्रैक अंडरग्राउंड होगा. इसमें 16 स्टेशन होंगे। यह स्टेशन करोंद चौराहा, कृषि उपज मंडी, डीआईजी बंगला, सिंधी कॉलोनी, नादरा बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, भारत टॉकीज, पुल बोगदा, ऐशबाग स्टेडियम के पास, सुभाष नगर अंडरपास के पास, मैदा मिल केंद्रीय विद्यालय, एमपी नगर, सरगम सिनेमा, हबीबगंज कॉम्प्लेक्स, अलकापुरी और एम्स होंगे।

## 7वीं के स्टूडेंट कृशिव ने जीते 12.50 लाख

**इंदौर।** अक्सर कहा जाता है कि सफलता और काबिलियत उम्र की मोहताज नहीं होती. लेकिन, इसके उदाहरण कम ही देखने को मिलते हैं. ताजा मामले में इस बात को साबित किया है 12 साल के कृशिव खंडेलवाल ने. कृशिव ने कौन बनेगा करोड़पति में 12.50 लाख रुपये जीतकर परिवार और इंदौर का मान बढ़ाया है. 10 साल के कृशिव रहते तो मुंबई में हैं, लेकिन इनका जन्म इंदौर में हुआ है। कृशिव फिलहाल मुंबई के गोकुलधाम इंटरनेशनल स्कूल में 7वीं के स्टूडेंट हैं. ये किसी भी चीज या बात को नजरअंदाज नहीं करते, बल्कि बड़ी बारीकी से जांचते हैं और उस पर रिसर्च भी करते हैं। उनका कहना है कि मुझे रिसर्च करना पसंद है।

### समाधान योजना लागू

# 23 लाख लोगों का बिजली बिल माफ

**भोपाल।** प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलने जा रही है। सरकार ने समाधान योजना के तहत 23 लाख उपभोक्ता के 848 करोड़ रुपए माफ करने के आदेश दे दिए है। राज्य में कोरोना संक्रमण की पहली और दूसरी लहर में लोग आर्थिक परेशानी से जूझ रहे थे इसके चलते कई लोगों ने बिजली बिल जमा नहीं कर पाया था। विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि अधिभार और मूल राशि दोनों पर कुल साढ़े 300 करोड़ से ज्यादा की राशि के रूप में दी जा रही है।

सरकार ने प्रदेश के 23 लाख उपभोक्ता को समाधान योजना में शामिल किया है जो घरेलू कनेक्शन के तहत आते हैं। राज्य में अब 1 किलो वाट तक के घरेलू कनेक्शन वाले बिजली उपभोक्ताओं को बिल में 7 प्रतिशत छूट के रूप में बिल माफ किया जा रहा है। वहीं शेष बिल की राशि को 6 सामान किस्तों में 25 फीसदी पर एकमुश्त राशि चुकाने पर 40 फीसदी की छूट दी जा रही है इसके आदेश भी सरकार ने जारी कर दिए गए हैं।

समाधान योजना का लाभ 31 अगस्त 2020 तक की बकाया राशि जमा कराने वाले उपभोक्ताओं को मिलेगा. योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता को 15 दिसम्बर तक बिजली कंपनी में अपना आवेदन जमा करना पड़ेगा।



#### कोरोना का समाधान

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया समाधान योजना उन उपभोक्ताओं के लिए है जिन पर 31 अगस्त 2020 तक के बिल बकाया हैं. तोमर ने अपील की है कि इस योजना में उपलब्ध 2 विकल्पों में से किसी को चुनें. दरअसल, कोरोना महामारी के कारण कई लोगों की नौकरी और धंधा पानी बंद हो गए थे. ऐसे उपभोक्ताओं को बिजली का बिल अदा करने में दिक्कत आ रही है. इन्हीं उपभोक्ताओं के लिए ये योजना लागू की गयी है।

#### दो विकल्प

समाधान योजना में दो विकल्प हैं. पहले विकल्प के रूप में बकाया मूल राशि का 60 प्रतिशत एकमुश्त भुगतान करने पर 100 प्रतिशत सरचार्ज और शेष 40 प्रतिशत मूल बकाया राशि माफ की जाएगी।

–दूसरे विकल्प के रूप में मूल राशि का 75 प्रतिशत, 6 समान किश्त में भुगतान करने पर 100 प्रतिशत अधिभार की राशि और शेष 25 प्रतिशत मूल बकाया राशि माफ की जाएगी।

#### सरकार भरेगी बकाया

योजना के दोनों विकल्पों में माफ की जाने वाली 100 प्रतिशत सरचार्ज की पूरी राशि और माफ की गई मूल राशि का 50 प्रतिशत संबंधित विद्युत वितरण वितरण कंपनी भरेगी. माफ की गई मूल राशि का शेष 50 प्रतिशत राज्य शासन भरेगा. इसके एवज में वितरण कंपनी को सब्सिडी दी जाएगी।

#### 30 दिन में करें निपटारा

इस योजना में एप्लाय करने की आखिरी तारीख 15 दिसंबर है. बिजली वितरण कंपनियों को निर्देश दिया गया है कि उस दिन तक जितने भी आवेदन मिलें उन सबका निपटारा 30 दिन में करें. अगर उपभोक्ता 15 दिसंबर तक एप्लाय नहीं करते हैं तो वितरण कंपनी वो बकाया बिल अगले महीने के बिल में शामिल कर देंगी।



## दिव्यांग छात्र धनुष के चित्र के समक्ष मौन रखकर पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजली अर्पित की

**पुष्पाजंली टुडे**

**मैसूरु।** गुरूवार एस आर पी मार्ग स्थित राजकीय अस्पताल के पिछे बनूर निवासी तथा रोटरी संस्था बनूरु का मेधावी दिव्यांग छात्र धनुष जो कक्षा 9 का छात्र था द्य गत दिनों से अस्वस्थ चल रहा था द्य आज उसका निधन हो गया द्य अंतिम संस्कार किया गया द्य दिव्यांग छात्र धनुष पुत्र कृष्ण, माता ममता जो एक अत्यंत निर्धन परिवार से आता था द्य उसका संपूर्ण शिक्षा का खर्च रोटरी संस्था के पूर्व अध्यक्ष व समाजसेवी डॉ.महेन्द्र सिंह राजपुरोहित (कालप्पा) द्वारा वहन किया जा रहा था द्य निधन की खबर मिलते ही स्कूल में शोक की लहर छा गई द्य रोटी संस्था के पूर्व अध्यक्ष डॉ.महेंद्र सिंह राजपुरोहित, केंपेगौड़ा व स्कूल के प्राचार्य व अध्यापक गणों ने दिवंगत छात्र के चित्र के समक्ष मौन रखकर पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सोडावास में प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत शिविर का किया आयोजन



**विधायक प्रधान सहित जिला परिषद सदस्य दुर्गा सिरवी ने शिविर का किया निरीक्षण**

**पुष्पांजली टुडे**

**नेनाराम सिरवी**

**पाली।** समीपवर्ती गांव सोडावास के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में प्रशासन गांवों के संग शिविर का आयोजन उपखंड अधिकारी देशलदान चारण के नेतृत्व में हुआ आयोजित। शिविर में सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत ने निरीक्षण कर हर विभाग से कार्य की प्रगति के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली तथा उन्होंने दिशा निर्देश दिए उन्होंने शिविर में अपने हाथों से लोगों को पट्टे वितरण किए तथा एक अनाथ को पालनहार योजना का लाभ भी दिलाया । शिविर में सुभाष नगर व अंबा नगर के ग्रामीणों द्वारा पानी की समस्या बताई । इस पर विधायक कुमावत ने जलदाय विभाग के अधिकारियों को बुलाकर जल मिशन योजना में जोड़ने के निर्देश दिए । सरपंच राधा चौधरी ने बताया कि ग्राम पंचायत सोडावास में पहले भी शिविर का आयोजन हुआ था लेकिन राजस्व मंडल के अधिकारियों की हड़ताल के चलते राजस्व विभाग के कार्य नहीं हुए थे इसलिए पुनः शिविर का आयोजन किया गया।



## कमलनाथ के जन्मदिन पर बच्चों को प्रमोद शुक्ला ने पठन-पाठन सामग्री बाटी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

पूर्व मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री कमलनाथ जी के 76 वे जन्मदिन के पावन शुभ अवसर पर कमलनाथ सद्भावना आस्था मंच के 1995 से सहयोगी सदस्य गोहद ब्लॉक कांग्रेस प्रवक्ता जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव प्रमोद कुमार शुक्ला ने अपने कोर्ट का कुआं वार्ड क्रमांक 15 स्थित निवास पर बच्चों को 18 नवंबर 2021 को पठन-पाठन सामग्री चॉकलेट मिठाई बांटते हुए हर्ष उल्लास व उमंग उत्साह के साथ मनाया इस अवसर पर शुक्ला ने कहा कि कमलनाथ जी प्रदेश ही नहीं बल्कि संपूर्ण भारतवर्ष में राजनीतिक क्षितिज पर उदयीमान नक्षत्र के रूप में चमकते हुए सितारे की तरह से है एक आदर्श पुरुष के रूप में सकारात्मक सोच रखते हुए प्रदेश व देश के हित में आमजन के विकास व प्रगति के लिए निरंतर संघर्ष कर रहे हैं ऐसे सत्य निष्ठ व्यक्तित्व को 2023 में अवश्य सभी आमजन मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने में सहयोग करेंगे इस अवसर हरीश चंद्र शुक्ला दीपक गुप्ता धर्मेंद्र राठौर आदि उपस्थित रहे।

## पिता के जन्मदिन पर किया धीरज उपाध्याय ने बी पॉजिटिव ब्लड डोनेट सातवीं बार'



**ब्यूरो रिपोर्ट**

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी।** अंकित शर्मा ने किया अपने जन्मदिन पर ओ पॉजिटिव ब्लड डोनेट उमी दीवान मैडम को जय माई मानव सेवा समिति के सदस्य दोनों रक्त वीरों ने आज जरूरतमंद मरीजों को अपना अपना ब्लड डोनेट किया धीरज उपाध्याय ने वी पॉजिटिव ब्लड डोनेट अनीता धाकड़ को दिया। अंकित शर्मा ने अपने जन्मदिन पर उमी दीवान हैप्पी डेज स्कूल की मैडम को ओ पॉजिटिव ब्लड डोनेट किया। दोनों रक्त वीरों को जय माई मानव सेवा समिति की तरफ से बहुत-बहुत धन्यवाद आभार व्यक्त करती है रक्तदान महादान यह देता है।



# अधूरी परियोजनाओं को तेज गति से पूरा करेंः चौहान

### कार्य में विलंब करने पर निर्माण एजेंसी पर लगाई जाएगी पेनाल्टी, ठेकेदारों को किया जाएगा ब्लेक लिस्टेड

### परियोजनाओं में गड़बड़ी पर निर्माण एजेंसियों पर होगी कार्रवाई, एजेंसी और विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में अधूरी परियोजनाओं का कार्य तेज गति से पूरा किया जाए। परियोजनाओं में विलंब एवं गड़बड़ी करने पर निर्माण एजेंसियों पर पेनाल्टी लगाकर कार्यवाही की जाएगीद्य ठेकेदारों को ब्लेक लिस्टेड किया जाएगा। परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए निर्माण एजेंसी एवं संबंधित विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज मंत्रालय में प्रगति ऑनलाइन प्रोजेक्ट मैनेजमेंट फ्रेमवर्क की परियोजनाओं की समीक्षा कर रहे थे।

**माँ रतनगढ़ बहुउद्देशीय परियोजना:** मुख्यमंत्री चौहान ने दतिया जिले की माँ रतनगढ़ बहुउद्देशीय परियोजना की समीक्षा के दौरान जल संसाधन विभाग पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस परियोजना के कार्य के लिए अभी तक जमीन ही ढूँढ रहे हैं, काम का यह तरीका ठीक नहीं है। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जमीन ढूँढने के कार्य में सहयोग करें। इस कार्य की एक माह बाद पुनः समीक्षा की जाएगी। जिस दौरान कोई विलम्ब का कोई भी कारण शेष न रहे। उन्होंने वर्ष 2022 में परियोजना अतंर्गत पानी की शुरुआत कराने के निर्देश में दिए।

#### नई कार्य-संस्कृति का विकास करें

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सभी विभाग मिलकर नई कार्य-संस्कृति का विकास करें। एक साथ बैठकर सभी एजेंसियाँ कार्य पूरा करने के संबंध में लक्ष्य निर्धारित करें। सभी एजेंसियाँ आपस में समन्वय बनाकर कार्य करें।

#### कोठा- बैराज परियोजना

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने विदिशा जिले की कोठा- बैराज परियोजना के कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए विलंब का कारण पूँछा। उन्होंने अप्रसन्नता व्यक्त की और जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को समय पर कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

## शहर कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ का जन्मदिन केक काटकर मनाया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**भिण्ड(ब्यूरो)।** शहर कांग्रेस ने शहर अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा के नेतृत्व में शहर कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री व मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ जी का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा ने कहा कि माननीय कमलनाथ जी ने मुख्यमंत्री के रूप में अल्प समय में 26 लाख किसानों का कर्जा माफ किया आम जनता को बिजली बिलों में बड़ी राहत देते हुए ?100 में 100 यूनिट और डेड सो रुपए में डेढ़ सौ यूनिट का बिजली का बिल दिया कन्यादान योजना में 25000 से बढ़ाकर 51 हजार दिए जाने लगे हर ग्राम पंचायत स्तर पर गोवंश की रक्षा के लिए गौशालाओं का निर्माण कराया इस अवसर पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महामंत्री बाबा भगवान दास सेथिया विशेष रूप उपस्थित रहे।

## 1962 के भारत चीन युद्ध मैं रेजांगला मैं शहीद हुए वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी।** विद्या निकेतन विद्यालय शिवपुरी में भारत चीन के बीच हुए 1962 के युद्ध में शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई इस अवसर पर हेमंत यादव बड़ौदी ने श्रद्धांजलि सभा में कहां कि यह युद्ध देश में नहीं पूरे विश्व में ऐतिहासिक था जिसमें हिमालय की पहाड़ी पर रेजांगला नाम की पोस्ट पर 13 कुमायूं रेजीमेंट की एक कंपनी तैनात थी जिसमें 120 सैनिक देश के लिए सर्वस्व देने के लिए तैयार थे जिनमें से 114 वीर अहीर थे परिस्थितियां हमारे अनुकूल नहीं थी उस समय इनके पास



एक ही रास्ता था मैदान छोड़कर भाग आए या सीने पर गोली खाकर मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर कर दें हमारे 120 सैनिकों के सामने चीन के 3000 से अधिक सैनिक थे जो गोला बारूद हत्यारों से मजबूत थे दूसरी तरफ हमारे सैनिकों पर नाममात्र के हथियार थे 600 राउंड गोलियां थी फिर भी हमारे सैनिकों ने जमकर मुकाबला किया अंत में हमारे गोला बारूद गोली खत्म हो गई तब अपने बुटो और गुथम,गुथा की लड़ाई में 1200 चीनी सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया अंत में उनके सम्मान में चीन वाले अपनी रायफल के ऊपर टोपी सम्मान मैं लगा कर रह गए हमारे 114 सैनिक शहीद हो चुके थे 5 लोगों को बंदी बना कर ले गए वहां से 1 सैनिक ने लोटकर इनकी वीरगाथा को बताया इसे चीन ने भी माना सबसे ज्यादा नुकसान रेजांगला नामक स्थान पर हुआ।

### बच्चों के साथ दोस्ती सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन

## स्कूली बच्चों ने जाना कैसे काम करती है पुलिस

**पुष्पांजली टुडे**

**मुरैना-** चाइल्डलाइन से दोस्ती सप्ताह अंतर्गत आज दिनांक 18/11/2021 को चाइल्डलाइन मुरैना द्वारा डॉ बीआर अम्बेडकर स्कूल पिपरई का पुरा सरायछोला में स्कूली बच्चों के साथ दोस्ती कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा बच्चों से ज्ञानवर्धक प्रश्नो के सवाल किए गए जिसमे सवाल का सही उत्तर बताने बाले बच्चों को चाइल्ड लाइन टीम की तरफ़ से उपहार के रूप में टीशर्ट, पजल गेम, ज्ञानवर्धक किताबे, फुटबॉल, कैप, आदि दी गई ।

इस अवसर पर चाइल्ड लाइन टीम कोडिनेटर जय कुमार चाँदील ने बच्चों को चाइल्ड लाइन नम्बर 1098 के बारे में विस्तार से बताया एवं 1098 नम्बर पर फोन कॉल करके बच्चों को बताया गया ।टीम सदस्य नितिन शिवहरे द्वारा बच्चों को बाल विवाह, पॉक्सो एक्ट की जानकारी प्रदान की गई ।चाइल्ड लाइन स्टाफ एवं स्कूल स्टाफ द्वारा बच्चों को दोस्ती का प्रतीक रक्षा सूत्र कलाई पर बांधकर दोस्ती का संकल्प लिया गया एवं बच्चों द्वारा आमजन को चाइल्ड लाइन दोस्ती सप्ताह के तहत जागरूक करने के उद्देश्य से मानव श्रंखला बनाकर दोस्ती का संदेश दिया गया । इस मौके पर चाइल्ड लाइन टीम से राकेश सिंह भदौरिया, धारा सिंह, स्कूल संचालक रामलखन पिप्पल, अनिता परमार, नंदनी श्रीवास, विश्वजीत पिप्पल सहित सैकड़ों की संख्या में स्कूली बच्चों उपस्थित रहे।

**पुलिस आपकी मित्र है- थाना प्रभारी ऋषिकेश शमा:** हर बच्चे में पुलिस के कामकाज को लेकर जिज्ञासा बनी रहती है कि पुलिस कैसे काम करती है, उनकी कार्यप्रणाली क्या होती है? कैसे थाने में कामकाज होता है, किस तरह से अपराधियों से निपटा जाता है, इन्हीं जिज्ञासाओं को शांत करने के लिए चाइल्ड लाइन टीम द्वारा बच्चों को थाना सरायछोला का भ्रमण कराया गया जिसके अंतर्गत बच्चों को थाने में पदस्थ थाना प्रभारी ऋषिकेश शर्मा एवं अन्य पुलिसकर्मी से मुलाकात कराई गई।





## डॉ सुनील कुमार परीट जी को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरु–** के कर्नाटक महिला हिंदी सेवा समिति के सभा भवन में भारत स्काउट्स एंड गाइड्स कर्नाटक की ओर से डॉ सुनील कुमार परीट जी को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। डॉ परीट जी कर्नाटक के बेलगांव जिले के सरकारी हाई स्कूल लक्कुंडी में लगभग 16 साल से हिंदी भाषा शिक्षक के रूप में सेवारत हैं एवं राष्ट्रभाषा हिंदी का प्रचार-प्रसार भी नियमित रूप से कर रहे हैं। उनकी शैक्षिक सामाजिक एवं साहित्यिक सेवा के लिए यह सम्मान उन्हें प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉक्टर पृथ्वीराज मेहता जी, कर्नाटक महिला हिंदी प्रचार समिति की अध्यक्षा सुश्री बी.एस. शांताबाई जी, स्काउट मास्टर सत्य नारायण गुरु जी, कार्यक्रम के संयोजक डॉ मलकप्पा अलियास महेश जी आदि मान्यवरों ने डॉ परीट जी को सम्मान पत्र, अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह, पुस्तके तथा माला पहनाकर सम्मानित किया। ज्ञात होगा कि डॉ सुनील कुमार परीट राज्य एवं जिला स्तर के संसाधन शिक्षक के रूप में भी सेवारत हैं।

# निरीक्षण के दौरान सफाई कर्मचारी अनुपस्थित पाये जाने पर नो वर्क नो पेमेंट के तह्त वेतन काटने के दिए निर्देश

ग्वालियर। शहर की साफ सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने एवं स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 की तैयारियों को लेकर निगम अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन सुबह अपने अपने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की मोनिटरिंग की जाकर संबंधित कर्मचारियों को आवशयक दिशा निर्देश दिये जा रहे हैं।





नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देश पर स्वाच्छता सर्वेक्षण 2022 की तैयारियों को लेकर शहर के सभी वार्डों में साफ सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने एवं आमजनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए वार्ड मोनिटर अपने अपने वार्ड में भ्रमण कर रहे हैं।

इसी के साथ ही उपायुक्त डॉ. अतिबल सिंह यादव ने क्षेत्रीय कार्यालय 13 के अंतर्गत वार्ड 57,58,59 में निरीक्षण किया। जिसमें वार्ड 57 में अनुपस्थि सफाई कर्मचारी श्री दामोदर पुत्र रमेश, श्री चन्द्रकुमार पुत्र सुरेश, श्री विनीत पुत्र विजय, श्री भगवानदास पुत्र लालाराम वार्ड 59 श्री धर्मवीर पुत्र गंगाराम, श्री अजय पुत्र मुन्ना, श्री गोपाल पुत्र मनीराम, श्री बद्री प्रसाद पुत्र कालीचरन, श्री तेजपाल पुत्र मूंगाराम, श्री अर्जुन पुत्र दिलीप, श्रीमती गीता पत्नी नंदकिशोर, वार्ड 58 श्री राकेश पुत्र रमेश, श्री पूरन पुत्र लेखराज, श्री रवि पुत्र कैलाश, श्रीमती रामा पत्नी प्रभुदयाल, श्री विनोद पुत्र सुरेश, श्री राजीव पुत्र पूरन, श्री सूरज पुत्र मनोज, श्री श्याम पुत्र रामदास, श्रीमती गुन्जा, श्रीमती श्रद्धा पत्नी छोटेलाल, श्रीमती सीमा पत्नी राजू, श्री मुकेश पुत्र नारायण, श्री रोहित पुत्र अशोक अनुपस्थित पाये गए। इसके साथ ही जोन 10 वार्ड 21 में श्री संतोश पुत्र राजाराम, श्री मुकेश पुत्र मदन, श्रीमती फूलवती पत्नी अशोक, श्रीमती शशी पत्नी शालू, श्री कमल पुत्र हेतराम अनुपस्थि पाये गए। जिसमें टास्क फोर्स दल में श्री विजय पुत्र बुदारू, श्री गौरव पुत्र मुकेश, श्री प्रमोद पुत्र वीरेन्द्र, श्री मनोज पुत्र किशन, श्री करन पुत्र राजू 28 दिन से अनुपस्थित एवं श्री रोहित पुत्र मनोज, श्री रामनिवास पुत्र बाबूलाल, श्री केवल पुत्र रतीराम 4 दिन से अनुपस्थित पाये गए। नो वर्क नो पेमेंट के तहत वेतन काटने व तीन दिवस में उपस्थित होने का नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

### उपायुक्त स्वास्थ्य श्री सत्यपाल सिंह चौहान ने किया वार्ड 36 का निरीक्षण

इसी के तहत उपायुक्त स्वास्थ्य श्री सत्यपाल सिंह चौहान ने स्वास्थ्य अधिकारी श्री भीष्म कुमार पमनानी के साथ वार्ड क्रमांक 36 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कर्मचारी अनुपस्थित पाये जाने पर 2 की सेवाएं समाप्त एवं 11 का वेतन काटा गया। निरीक्षण के दौरान श्री पूरन पुत्र श्री माधो नियमित, श्री रवि पुत्र श्री भगवानदास, श्री आकाश पुत्र श्री विनोद, श्री संजय पुत्र श्री दीनदयाल विनियमित तथा आउटसोर्स के श्री अमन पुत्र श्री जगदीश, श्री प्रमोद पुत्र श्री बालकिशन, श्री रोहित पुत्र श्री सीताराम, श्रीमती रजनी पत्नी श्री किशन, श्रीमती कंचन पत्नी संजय, श्रीमती संध्या पत्नी पवन, श्रीमती पूनम पत्नी विकास, श्री अन्नू पुत्र सुरेश सफाई मित्र अनुपस्थित पाए गए। उक्त कुल 13 अनुपस्थित कर्मचारियों में श्री अमन पुत्र जगदीश व श्री अन्नू पुत्र सुरेश आउटसोर्स सफाई मित्र आये दिन अनुपस्थित रहने एवं कार्य पर समय पर न आने तथा कार्य से समय के पूर्व चले जाने के आदि है। अतः उक्त दोनों कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त किये जाने के निर्देश के साथ अनुपस्थित 11 कर्मचारियों के वेतन काटने के निर्देश दिये गए।

## शहर में विभिन्न स्थानों पर किया फॉगिंग व दवा छिड़काव

ग्वालियर। शहर में संक्रामक एवं मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम एवं कीट-मच्छरों से बचाव के लिए नगर निगम ग्वालियर द्वारा विभिन्न वार्डों में फोगिंग व कीटनाशक दवाओं के छिडकाव के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही लार्वा का सर्वे भी किया जा रहा है तथा जहां भी लार्वा मिला तत्काल जुर्माने की कार्यवाही की गई।



स्वास्थ्य अधिकारी श्री वैभव श्रीवास्तव ने बताया कि बदलते मौसम में मच्छरों का प्रकोप ज्यादा रहता है। वर्तमान में मच्छर व अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने की संभावना रहती है। जिसे देखते हुए निगम द्वारा नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल के निर्देश पर विभिन्न वार्डों में फोगिंग व कीटनाशक दवाओं के छिडकाव के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

शहर के विभिन्न स्थानों पर जिसमें पुदमपुर खेरिया, गोविंदपुरी, नई स?क, हजीरा, चाव?ी बाजार, माधवगंज, झूलेलाल वाली गली, सती विहार कॉलोनी, जीवाजी गंज, कंपू, मुरार, सिटी सेंटर, फूलबाग, पडाव सहित अन्य क्षेत्रों में भी फोगिंग व कीटनाशक दवाओं का छिडकाव किया गया।

## मुख्य मंत्री के आगमन को लेकर निगमायुक्त ने ली अधिकारियों की बैठक

ग्वालियर। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने बाल भवन के सभागार में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्य मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान 27 नवम्बर 2021 को ग्वालियर आ रहे हैं। इसके साथ ही ग्वालियर में 26,27 व 28 नवम्बर को बडे आयोजन है, इन आयोजनो में दूसरे प्रदेश के मुख्यमंत्री व अन्य लोग आयेगें। इसकी तैयारियों को लेकर अभी से जुट जाएं। शहर में आने वाले प्रत्येक नागरिक को शहर साफ व स्वच्छ दिखना चाहिए। बैठक में अपर आयुक्त श्री आरके श्रीवास्तव, श्री संजय मेहता सहित संबंधित सभी



अधिकारी उपस्थित रहे। निगमायुक्त श्री कन्याल में बैठक में कहा कि 27 नवम्बर को मेला मैदान में मुख्य मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का बडा आयोजन होने जा रहा है। जिसमें शासन की योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए शहर में सभी मार्गों पर दुरूस्त कर दिया जाए जहां पेच रिपेयर की आवशयकता है तो पूर्ण कर लें साथ ही रोटरी की धुलाई व पेंट, डिवाइडर पर पेंट व साफ सफाई के कार्य में अभी से जुट जाएं। इसके साथ ही सभी पोलों पर लाइटिंग की व्यवस्था हो प्रत्येक पोल पर लाईट लगी हो। उन्होंने कहा कि मेले में आयोजन स्थल की सफाई के लिए सफाई अमला जुट जाए। मेले में बने कचरा स्टेशन की साफ सफाई दुरूस्त की जाए। इसके साथ ही आयोजन में आने वाले नागरिकों के लिए शौचालयों की पर्याप्त व्यवस्था हो। साथ ही पेयजल पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## न्यू कलेक्ट्रेट में लगाई गई वर्षा जल संचयन प्रणाली का कलेक्टर श्री सिंह ने किया लोकार्पण

ग्वालियर। न्यू कलेक्ट्रेट ग्वालियर पर ट्रोपीलाईट फूड्स प्रा.लि. ग्वालियर द्वारा लगाई गई वर्षा जल संचयन प्रणाली का लोकार्पण कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री आशीष तिवारी, ट्रोपीलाईट फूड्स प्रा.लि. के प्रबंध निदेशक श्री पुनीत डावर, श्रीमती मीना डावर, श्री अशोक शर्मा, श्री जयंत थिरानी, श्री अतुल कक्कड़ आदि उपस्थित रहे।





इस अवसर पर कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि जल है तो कल है जल ही जीवन है के अभियान को ध्यान में रखते हुए ट्रोपीलाईट कंपनी ने सराहनीय कार्य किया है। जितनी इनकी प्रशंसा की जाए उतना कम हैं। ट्रोपीलाईट कंपनी ने वर्षा जल को सहेज कर रखने के लिए अभिनव पहल की है। उन्होंने 11 लाख रूपये की लागत से कलेक्ट्रेट परिसर में चार जगह सेक्सन लगाए हैं इन सेक्सनों के जरिए वर्षात के समय पूरे परिसर से लगभग 30 लाख लीटर जल का संचय किया जा सकेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री आशीष तिवारी ने कहा कि हम दूसरों को प्रेरित करते थे कि वर्षा के जल को संचय करो, परंतु हमारे खुद के भवन मे वर्षा के जल को संचय नहीं किया जा रहा था, ट्रोपीलाईट कंपनी द्वारा यह अभिनव पहल की है। हम ग्रामीण क्षेत्र में तालाव, मेड बधान करके वर्षा के जल को सहेजते हैं। हमारा प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा वर्षा के जल को सहेजें जिससे भूजल का स्तर सामान्य स्थिति में बना रहे। इसके साथ ही ट्रोपीलाईट कंपनी के प्रबंध निदेशक ने कपनी द्वारा बनाये जा रहे प्रोडक्ट के बारे में जानकारी दी।

## कृषि विश्वविद्यालय का 7वाँ दीक्षांत समारोह 20 नवम्बर को

**राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल की अध्यक्षता में आयोजित होगा समारोह**

ग्वालियर। राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर का 7वाँ दीक्षांत समारोह 20 नवम्बर को होना सुनिश्चित हुआ है। इस कार्यक्रम में महामहिम राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल द्वारा उपाधियां प्रदान की जायेंगीं। श्री पटेल समारोह की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर उपस्थित रहेंगे। दीक्षांत समारोह के विशिष्ट अतिथि प्रदेश के किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह एवं कुलपति राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय प्रो. एस के राव रहेंगे। यह दीक्षांत समारोह कृषि महाविद्यालय ग्वालियर रेसकोर्स रोड के सभागार में 20 नवम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे से प्रारंभ होगा।

## चेतकुपरी से हटाई अवैध गुमटी व हाथठेला

ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर द्वारा चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओं अभियान के तहत आज निगम के मदाखलत दस्ते द्वारा चेतक पुरी क्षेत्र से अवैध रूप से चल रही गुमटी व हाथठेला को हटवाया गया। मदाखलत अधिकारी ग्वालियर दक्षिण श्री सतेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि मदाखलत टीम द्वारा चेतकपुरी गेट के पास बनी अवैध गुमटी व हाथठेला को हटवाया गया। साथ ही भविष्य में उक्त स्थान पर गुमटी ना लगाने की सख्त हिदायत दी गई । इसके साथ ही महाराज बाडे पर अस्थाई अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की गईं।






## परिवार में यदि सुख शांति समृद्धि लाना है तो क्रोध को छोड़ना ही पडेगाः शास्त्री

ग्वालियर- क्रोध में किया गया हर कार्य व निर्णय हमेशा तकलीफ दायक सिद्ध होता है, जो हमारें ज्ञान के धारक है, हमारें ज्ञान प्रदाता है, हमें हमेशा उनका सम्मान करना चाहिए। अहंकार आदमी का सबसे ब?ा शत्रु है। यह बात प्रतिष्ठाचार्य पंडित राकेश जैन शास्त्री ने आज आठवें दिन गुरुवार को उपग्वालियर लोहमंडी लाला गोकुलचंद्र जैन मदिंर में अयोजित सिद्धचक्र महामंडल विधान के धर्मसभा में संबोधित करते हुए कही।

शास्त्री ने कहा कि क्रोध व्यक्ति के जीवन में विनाश ही लाता है। हम किसी भी देवी देवता व परमात्मा को मानें पर हर स्थिति में हमे क्रोध पर अंकुश रखना चाहिए। क्रोध विनाशक शक्ति है। परिवार में यदि सुख शांति समृद्धि लाना है तो क्रोध को छो?ना ही प?गा। सभी धर्मो ने मनुष्य को सद्मार्ग बताए है। हम हमारी पीढ़ी कों संस्कारों से युक्त बनाए। रात्रि मनोज जैन पार्टी के द्वारा सती मैना सुंदरी कथा का नाटिका मंच कलाकारो के द्वारा किया गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष पदमचंद जैन, महामंत्री देवेद्र जैन, दिलीप जैन, नवरंग जैन, अलोक जैन, रविन्द्र जैन, मनीष जैन, प्रवक्ता सचिन जैन आदि मौजूद थे।



**इंद्रो ने मंत्रो के साथ भगवन का अभिषेक कर शांतिधारा की**

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि सिद्धचक्र महामंडल विधान प्रतिष्ठाचार्य राकेश जैन शास्त्री ने मंत्रउच्चारण से भगवान जिनेंद्र का प्रथम सौधर्म इंद्रा पदमचंद्र जैन ने सोने के कलशों से महामस्तक अभिषेक जयकारों के साथ किया। वही मंत्रो का महा उच्चारण कर बृहद शांतिधारा दिनेश कुमार अशोक जी परिवार ने की।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478